● जयपुर, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 69 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 बजरी माफियाओं द्वारा पुलिस पर हमला, हवाई फायरिंग कर पुलिस...

पेज @4 जिला कलक्टर ने की मौजूदगी में 8500 करोड़ से अधिक...

पेज @8 कैलाश चन्द विश्नोई महानिदेशक पुलिस जविप्रा के सक्रियता...

# मुख्यमंत्री ने चार विधानसभा क्षेत्रों में किया दौरा

## कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी, चुनावों में जातिवाद, परिवारवाद और धर्म के नाम पर करती है राजनीतिः सीएम भजनलाल शर्मा

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं, रामगढ़, दौसा और देवली-उनियारा में जनसभा को किया संबोधित





चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज झुंझुनूं, रामगढ़ अलवर, दौसा और देवली उनियारा विधानसभा उप चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ और सीएम शर्मा ने जहां एक ओर भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत के साथ जीताने का आ''ान किया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के परिवारवाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद और तुष्टिकरण को जनता के सामने रखते हुए ऐसी भ्रष्ट पार्टी के नेताओं को हराने की अपील की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने झुंझुनू से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू, रामगढ से सुखवंत सिंह, दौसा से जगमोहन मीणा और देवली उनियारा से राजेंद्र गुर्जर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को बर्बाद करने का काम किया। भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस पार्टी जब भी चुनाव आते है तुष्टीकरण, जातिवाद और धर्म की राजनीति पर उतर जाती है। यमुना जल समझौते पर कांग्रेसी नेताओं की दोगली नीति स्पष्ट करते हुए सीएम ने कहा कि 50 साल तक कांग्रेसियों ने यमुना जल समझौते को अटकाए रखा और समझौता किया तो भाजपा सरकार ने। भाजपा कांग्रेस की तरह झूठे वादे नहीं करती। आलू से सोना पैदा कर देंगे, ऐसा झूठ बोलने वाले कांग्रेस नेता शेखावाटी के लिए पानी की व्यवस्था करते तो ये धरती सोना उगलती। लेकिन इन्हें कुर्सी चाहिए, ये परिवारवादी लोग हैं। ये वे लोग हैं, जिन्होंने इस देश में भ्रष्टाचार को शुरू किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठ और लूट की बात करते है, अफवाह फैलाने का काम करते है। कांग्रेसी नेता ईआरसीपी को लेकर सवाल उठा रहे है, जबकि भाजपा ने जितना पानी देने का वादा किया है, उतना पानी दिया जाएगा। कांग्रेसियों की करनी और कथनी में अंतर होगा, लेकिन भाजपा जो कहती है, वो करती है। हरियाणा कांग्रेस घोषणा पत्र में जल समझौते को रद्द करने का वादा करती है, ये राजस्थान में कुछ कहते है, हरियाणा में कुछ और कहते है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले पांच साल तक जिसने भी युवाओं की आंखों में आंसू लाए थे, उन्हें छोडेंगे नहीं। डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने सड़कों पर संघर्ष किया है, मैं भरोसा दिलाता हूं कि पेपर लीक के दोषियों को को छोडेंगे नहीं। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना से सबसे ज्यादा फायदा दौसा के लोगों को ही होगा। भाजपा कांग्रेस की तरह झूठे वादे नहीं करती, बल्कि जनता की सेवा के काम करती है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे दौसा जिले की विकास की तकदीर लिखेगा। हजारों पद खाली रहने के बावजूद कांग्रेस ने युवाओं का भला नहीं सोचा। अब दौसा में रोगजार के अवसर बढ़ेगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा प्रदेश के भागीरथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सभी सीटों पर बहुमत के साथ जीत दर्ज कराएगी। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आए दिन भ्रष्टाचार के गाथाएं सुनने और पढ़ने को मिलती थी। कांग्रेसियों ने 2जी स्पेक्ट्रम, पनडुब्बी घोटाला, कोयला, चारा घोटाला जैसे न जाने कितने घोटाले किए। लेकिन जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने है, हिंदुस्तान में कोई घोटाला नहीं हुआ। हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देना चाहिए। इनके समय भ्रष्टाचार का आलम यह था कि महाराष्ट्र के सीएम सरेआम कहते है कि घोटाले किए जाओ, चिंता मत करो, जब चुनाव आएं तो जनताके सामने पगड़ी रख देना, आशीर्वाद मिल जाएगा। यहां राजस्थान में भी लाल डायरी ने कई राज उजागर किए। कांग्रेसियों ने प्रदेशवासियों के गाढ़े पसीने की कमाई का पैसा अपनी जेब भरने में डालने का काम किया। पैसा जतना का, लूट मचाएं ये और फिर चुनाव में आकर वोट मांगते है। अब आपको फैसला करना है कि घोटालेबाजों को मौका देना है या फिर घोटालेबाजों को सलाखों तक पहुंचाने वाली भाजपा सरकार को। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो पूरा करती है। जबकि कांग्रेस सरकार के वादे आज तक पूरे नहीं किए। भाजपा सरकार जनता की कमाई का पैसा जनता के विकास के लिए ही खर्च कर रही है। कांग्रेसियों के घोटाले और भ्रष्टाचार प्रदेश की जनता के सामने है। प्रदेश की जनता ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का कार्यकाल देखा तो भाजपा सरकार का 10 माह का कार्यकाल भी देखा है। कांग्रेस के सोनिया, राहुल गांधी सहित अधिकांश नेता जमानत पर है। कोर्ट से उनको जमानत मिली हुई है और जमानत पर आकर जनता को बरगलाने का काम कर रहे है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आम आदमी के उत्थान, कल्याण के साथ रोजगार और समृद्धि के लिए प्रयासरत है। ऐसे में प्रदेश की जनता को तय करना है कि किस को आशीर्वाद देना है। जतना के सामने एक ओर भ्रष्टाचारी नेता है तो दूसरी ओर विकास के लिए समर्पित भाजपा सरकार। भ्रष्ट कांग्रेसी नेताओं को कभी माफ नहीं करना चाहिए। कांग्रेस आप से जब वोट मांगने आए तो उनसे सवाल जरूर करना है। जनता के सामने एक ओर जन सेवक है, तो दूसरी ओर पांच साल में केवल चुनाव के समय आते है वो लोग है। अब आपको जनसेवक को जीताकर विधानसभा में भेजना है। कांग्रेसी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने में पांच साल तक लगे रहे, कुछ कुर्सी गिराने में थे तो कुर्सी बचाने के लिए होटल में बैठे रहे। राठौड़ ने कहा कि जनता जर्नादन के उत्साह को देखते हुए लग रहा है कि भाजपा के प्रत्याशी को विजयश्री प्रदान कर भाजपा का परचम फहराएंगे।

## सलमान खान को धमकी देकर पांच करोड़ की फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार



मुंबई/एजेंसी।

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को जान से मारने धमकी और पांच करोड़ रुपए की फिरौती मांगने वाले को मुंबई पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार किया है। दरअसल, कुछ दिन पहले मुंबई ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर सलमान खान को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी मिली थी।

धमकी देने वाले आरोपी ने पांच करोड़ रुपए की फिरौती की मांग की थी और बॉलीवुड एक्टर को जान से मारने को कहा था। हालांकि, बाद में आरोपी ने उसी हेल्पलाइन नंबर पर माफी थी। अब मुंबई पुलिस ने आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है और उसको पूछताछ के लिए मुंबई ले जाया जा रहा है।

मुंबई पुलिस ने बुधवार को बताया कि सलमान खान को धमकी देने वाला आरोपी झारखंड के जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया है। वर्ली पुलिस की एक टीम उससे पूछताछ कर रही है। बता दें कि पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर सलमान खान से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांग करते हुए एक धमकी भरा संदेश मिला था। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी।

### मोदी सरकार का यूपी-बिहार-आंध्र को बड़ा तोहफा

# अयोध्या से सीतामढ़ी तक बिछेगी रेल लाइन दिवाली-छठ पर चलेंगी 7 हजार ट्रेन



नयी दिल्ली/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने गुरुवार को कई बड़े फैसले लिए. बिहार और आंध्र प्रदेश को सरकार ने फिर तोहफा दिया है और हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट पर मुहर लगाई है. यूपी के अयोध्या से सीतामढ़ी तक रेलवे लाइन बिछाने को भी मंजूरी दे दी गई है. नरकटियागंज रेल लाइन का दोहरीकरण होगा. आंध्र प्रदेश में भी 257 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाई जाएगी. खास बात, ये सारे प्रोजेक्ट चार साल के अंदर पूरे किए जाने हैं. यानी अगले लोकसभा चुनाव से पहले ये पूरे हो जाएंगे. छठ पूजा के लिए यूपी-बिहार जाने वालों के लिए भी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है.

फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिलों को बड़ा तोहफा दिया है. एक और परियोजना को केंद्र सरकार ने मंजूरी देते हुए अयोध्या से मां सीता के जन्मस्थान सीतामढ़ी तक करीब 257 किलोमीटर की रेल लाइन बिछाने का फैसला किया है. यह रेल लाइन नेपाल सीमा के आसपास होगी. इससे उत्तर बिहार मिथिलांचल पूर्वी चंपारण पश्चिमी चंपारण मुजफ्फरपुर जैसे शहर जुड़ेंगे बुद्ध सर्किट पूरा कर होगा.

इसके अलावा ऐतिहासिक टूरिस्ट को फायदा होगा. 4553 करोड़ रुपये से यह प्रोजेक्ट पूरा होगा. इसके अलावा मिथिलांचल के नॉर्थ बिहार और नॉर्थ ईस्ट स्टेट को लेकर एक बड़े प्रोजेक्ट पर मुहर लगाई गई है. नरकटियागंज-रक्सौल- सीतामढ़ी दरभंगा मुजफ्फरपुर रेलवे लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी गई है. यह रेलवे लाइन 256 किलोमीटर होगी. दोनों रेलवे प्रोजेक्ट 4 साल के अंदर पूरे कए जाएंगे. नॉर्थ बिहार के रेल प्रोजेक्ट में लगभग 40 पुल बनाए जाने हैं.

### चार शहरों को जोड़ेगी रेल लाइन

» केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के अमरावती को बड़ा तोहफा दिया है. अमरावती से 57 किलोमीटर की रेलवे लाइन बिछाई जाएगी, जो 5 बड़े शहरों से उसे जोड़ेगी. इनमें विजयवाड़ा, चेन्नई, हैदराबाद शामिल हैं. आंध्र प्रदेश की कृष्णा नदी पर तीन किलोमीटर लंबा पुल बनेगा. इस योजना के तहत बहुत बड़ा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिकल हब इस लाइन पर बनेगा. आंध्र प्रदेश के लिए यह बहुत बड़ी सौगात है.

### छठ पर जाने की अब टेंशन नहीं

» इसके अलावा सरकार ने दीपावली और छठ के लिए 07 हजार ट्रेन चलाने का फैसला लिया है. इससे दो लाख लोग रोजाना यात्रा कर पाएंगे. मोदी सरकार ने स्टार्टअप फॉर स्पेस के लिए 1000 करोड़ रुपए के वेंचर फंड की स्वीकृति दी है. कैबिनेट की बैठक में इस फंड के एलोकेशन को मंजूरी दी गई है. इस फंड से स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप को मदद दी जाएगी.

## चक्रवाती तूफान 'दाना' का रेल और फ्लाइट सेवाओं पर असर शुरू

### 300 से ज्यादा ट्रेनें कैंसिल, 16 घंटे उड़ानों पर रोक



नई दिल्ली/एजेंसी।

चक्रवाती तूफान 'दाना' का असर ओडिशा और पश्चिम बंगाल में दिखना शुरू हो गया है। कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। चक्रवाती तूफान का असर का रेल और विमान सेवाओं पर भी पड़ा है। इसकी वजह से 300 से ज्यादा ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा है। इनमें करीब 200 लोकल ट्रेनें भी शामिल हैं। जिन ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है, उनमें हावड़ा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, शालीमार-पुरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस, नई दिल्ली-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, हावड़ा-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, हावड़ा-पुरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस प्रमुख रुप से शामिल हैं। इसके अलावा 16 घंटे के लिए विमानों पर रोक लगा दी गई है। एनडीआरएफ की 50 से ज्यादा टीमें तैनात की गई हैं।

### ये ट्रेनें भी रहेंगी कैंसिल

रेलवे के अनुसार, 25 अक्टूबर तक कई ट्रेनें कैंसिल रहेंगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार, हावड़ा-सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस, कामाख्या-यशवंतपुर एसी एक्सप्रेस, हावड़ा-भुवनेश्वर शताब्दी एक्सप्रेस, हावड़ा-पुरी शताब्दी एक्सप्रेस और हावड़ा-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेनें भी रद्द की गई हैं। चक्रवाती तूफान दाना के मद्देनजर पूर्वी रेलवे अपने सियालदह मंडल में बृहस्पतिवार रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक 190 लोकल ट्रेन का परिचालन नहीं करेगा।

# धन के साथ धर्म की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस

दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। धनतेरस अर्थव्यवस्था का महापर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है।

तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं। हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस 'आयुर्वेद' का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं।

कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था। भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है। लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली।

दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ। हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है। साम्राज्यवाद की पीठ पर सवार पूंजीवाद ने जहां एक ओर अमीरी को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर गरीबी भी बढ़ती गई है। यह अमीरी और गरीबी का फासला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिसके परिणामों के रूप में हम कोरोना जैसी महामारियों को, युद्ध की विभीषिकाओं को, आतंकवाद को, सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी को देख सकते हैं, जिनकी निष्पत्तियां हैं समाज में हिंसा, नफरत, द्वेष, लोभ, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, रिश्ते में दरारें आदि। सर्वाधिक प्रभाव पर्यावरणीय असंतुलन एवं प्रदूषण के रूप में उभरा है। चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से बड़े और तथाकथित संपन्न लोग ही नहीं बल्कि देश का एक बड़ा तबका मानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो गया है। अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया। हिंसा, झूठ, चोरी, बलात्कार, संग्रह जैसे निषेधात्मक संस्कारों ने मनुष्य को पकड़ लिया। चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे। नीति और निष्ठा के केंद्र बदलने लगे। आस्था की नींव कमजोर पड़ने लगे। धन के प्रति हमारा नजरिया विसंगतिपूर्ण है। इस प्रक्रिया में हमारा दीपावली एवं धनतेरस मनाना कहां सार्थक रह पाया है। क्योंकि सारी सामाजिक मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, मर्यादाओं को ताक पर रखकर कैसे भी धन एकत्र कर लेने को सफलता का मानक माने जाने लगा है जिससे राजनीति, साहित्य, कला, धर्म सभी को पैसे की तराजू पर तोला जाने लगा है। इस प्रवृत्ति के बड़े खतरनाक नतीजे सामने आ रहे हैं।

समृद्धि की तथाकथित आधुनिक जीवनशैली ने जीवन मूल्यों के प्रति अनास्था पैदा किया है। समृद्धि तभी कल्याणकारी होगी, जब समृद्धि संग चरित्र निष्ठा और नैतिकता कायम रहे। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि समृद्धि के रूप में प्राप्त साधनों का सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ उपयोग हो। संग्रह के साथ विसर्जन की चेतना जागे। पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो, भोग के साथ संयम भी जरूरी है। भले हमारे पास कार, कोठी और कुर्सी न हो लेकिन चारित्रिक गुणों की काबिलियत अवश्य हो क्योंकि इसी काबिलियत के बल पर हम अपने आपको महाशक्तिशाली बना सकेंगे, तभी हमारा धनतेरस मनाना सार्थक होगा। समृद्धि की बदलती फिजा सद्संस्कारों को शिखर दे, वैचारिक दृष्टिकोण को रचनात्मकता दे, आधुनिकता के साथ पनपने वाली बुराइयों को विराम दे, ईमान और इंसानियत बटोरते हुए आगे बढ़े। आज कहां सुरक्षित रह पाया है-ईमान के साथ इंसान तक पहुंचने वाली समृद्धि का आदर्श? कौन करता है अपनी सुविधाओं का संयमन? कौन करता है ममत्व का विसर्जन?

# चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा



ललित गर्ग



गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है।

भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं।

चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं? ऐसी स्थिति में पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है।

भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये, ऐसा पहले भी हो चुका है। भारत को चीन से संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ने के पहले इसकी पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं वह फिर से वैसी हरकत तो नहीं करेगा, जैसी डोकलाम, गलवन, देपसांग आदि में की है। यह ध्यान रहे कि अतीत में चीन ने अपने अति महत्वाकांक्षी एवं अतिक्रमणकारी रवैये को तभी छोड़ा है, जब भारत ने यह जताने में संकोच नहीं किया कि वह बहुपक्षीय सहयोग के ब्रिक्स और एससीओ जैसे संगठनों को अपेक्षित महत्व देने से इन्कार कर सकता है। अब चीन को झुकना उसकी विवशता बन गयी है, क्योंकि उसे यह आभास हुआ कि भारत का असहयोग उसके आर्थिक हितों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। ऐसा हुआ भी है कि भारत ने चीन को अपने देश में बाजार नहीं बनने दिया, जिसका बड़ा खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है। चीन की अर्थ-व्यवस्था में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। निःसंदेह संबंध सामान्य होने से चीन के आर्थिक हित सधेंगे, लेकिन भारत को अपने आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी कि भारत-चीन सीमा पर जमीनी हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। क्योंकि भारतीय जमीन पर चीनी सेना के अतिक्रमण की वजह से ही दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तनाव के कारण दूरियां काफी बढ़ गयी थी। इन दूरियों के दंश को मिटाने में समय, समझ एवं सूझबूझ की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री मोदी एक परिपक्व राजनेता के रूप में पिछले पांच बरसों से राष्ट्रपति चिनफिंग से इसलिए नहीं मिले कि चीन जब तक अपनी सेना पीछे नहीं करेगा, तब तक दोनों की मुलाकात नहीं हो सकती। कजान में हुई बातचीत में जिस तरह रिश्तों को सामान्य बनाने पर जोर दिया गया है, उसके मद्देनजर भारत का जोर इस बात पर भी रहेगा कि एलएसी के पीछे के इलाकों से दोनों देश अपनी सैन्य तैनाती पूरी तरह खत्म कर दें। दोनों देशों को एलएसी पर पूरी तरह परस्पर भरोसे का माहौल कायम करना होगा। भारत के लिए राहत की बात यह है कि देपसांग और डेमचोक पर भी सहमति बनी है। लेकिन भारतीय जनमानस के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि दोनों देशों ने सीमा पर जो 50 हजार सैनिक तैनात कर रखे हैं, उन्हें कब वापस लाया जाएगा? ताजा घटनाक्रम की सफलता एवं सार्थकता तभी संभव है जब एक दूसरे के प्रति आदर, विश्वास, भरोसा और संवेदनशीलता होगी। रूस के कजान शहर में एक अच्छी शुरुआत जरूर हुई है लेकिन आगे का रास्ता तभी खुलेगा जब कुछ हद तक चीन अपना रवैया बदलेगा।

# जीवन की गुणवत्ता सुधारने के साथ कार्यक्षेत्र को सशक्त बनाता है आक्यूपेशनल थेरेपी



डॉ दिलीप अग्निहोत्री



भाजितेन्द्र कुमार सिन्हा विश्व व्यावसायिक चिकित्सा दिवस प्रत्येक वर्ष 27 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा के प्रति जागरुकता बढ़ाने और वैश्विक प्रभाव को उजागर करना है। इस दिन व्यावसायिक चिकित्सकों, मरीजों और स्वास्थ्य सेवा संगठनों के लिए एक मंच प्रदान करता है, ताकि वे इस क्षेत्र के महत्व और इसके सकारात्मक प्रभाव को साझा कर सकें। विशेष रूप से विकासशील देशों में (जहां इस सेवा के बारे में जागरुकता और सुविधाओं की कमी है) यह दिन एक अवसर होता है, लोगों को व्यावसायिक चिकित्सा के लाभों से अवगत कराने का। विभिन्न आयोजन, कार्यशालाएं और सार्वजनिक जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से इस दिन का उद्देश्य समाज में व्यावसायिक चिकित्सा की भूमिका को सशक्त बनाना और इसे हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाना है। उक्त जानकारी एचओडी, विभागाध्यक्ष (ऑक्यूपेशनल थेरेपी) डॉ. प्रियदर्शी आलोक ने दी।

उन्होंने बताया कि विश्व व्यावसायिक चिकित्सा महासंघ ने इस वर्ष की थीम 'सभी के लिए व्यावसायिक चिकित्सा' घोषित किया है। व्यावसायिक चिकित्सा एक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र है जो लोगों की शारीरिक, मानसिक या संज्ञानात्मक चुनौतियों से निपटने में मदद करता है, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों को स्वतंत्र रूप से कर सकें। इसका उद्देश्य मरीज की क्षमता और आत्मनिर्भरता को बढ़ाना होता है। चिकित्सक मरीज के जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हस्तक्षेप करते हैं, जैसे कि काम, घर या समुदाय में उनकी भूमिका। विकासशील देशों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सीमित होती है और कई लोग शारीरिक या मानसिक विकारों के बाद पुनर्वास सेवाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। व्यावसायिक चिकित्सा इस स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उदाहरण के तौर पर, ऐसे लोग जो दुर्घटना, स्ट्रोक, मिर्गी, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी (रीढ़ की हड्डी में चोट), या बच्चों में सेरेब्रल पाल्सी और ऑटिज्म (स्वलीनता) जैसी बीमारियों से पीड़ित होते हैं, उन्हें सही तरीके से सहायता मिल सके, इसके लिए यह चिकित्सा एक प्रभावी उपाय हो सकती है।

डॉ आलोक ने बताया कि जहाँ व्यावसायिक चिकित्सा मददगार साबित हो सकती है, ऐसे कई अन्य रोग हैं जहाँ व्यावसायिक चिकित्सा का हस्तक्षेप प्रभावी होता है। उदाहरण दिए लिए (1)स्ट्रोक : स्ट्रोक के बाद शरीर का एक हिस्सा निष्क्रिय हो सकता है, जिससे व्यक्ति को दैनिक कार्यों को करने में समस्या हो सकती है। व्यावसायिक चिकित्सा द्वारा ऐसे रोगियों को उनके प्रभावित हिस्से को फिर से सक्रिय करने, दैनिक गतिविधियों (जैसे खाना बनाना, साफ-सफाई करना, कपड़े पहनना आदि) में सहायता प्रदान की जाती है। इससे उनकी आत्म- निर्भरता बढ़ती है। (2) मिर्गी : मिर्गी के दौरे के कारण मस्तिष्क की क्षमताओं पर असर पड़ सकता है, जिससे व्यक्ति की मानसिक स्थिति कमजोर हो सकती है। व्यावसायिक चिकित्सक ऐसे रोगियों को संज्ञानात्मक प्रशिक्षण देकर उनके मस्तिष्क की कार्यक्षमता में सुधार करने का प्रयास करते हैं, ताकि वे समाज और अपने कार्यक्षेत्र में योगदान दे सकें। (3) सेरेब्रल पाल्सी : यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें बच्चों के शारीरिक विकास में बाधा आती है और उनका मांसपेशीय नियंत्रण कमजोर हो जाता है। व्यावसायिक चिकित्सा द्वारा बच्चों को उनकी शारीरिक गतिविधियों और संतुलन सुधारने के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग कर उन्हें दैनिक जीवन में बेहतर तरीके से भागीदारी करने में मदद की जाती है। (4) अस्थि-मज्जा विकार : विकासशील देशों में लोग शारीरिक श्रम और भारी कार्यों के कारण पीठ दर्द, कंधे की समस्याओं और अन्य मांसपेशीय विकारों से पीड़ित होते हैं। व्यावसायिक चिकित्सक इन रोगियों को सही मुद्रा और कार्यप्रणाली सिखाकर उनके दर्द को कम करने और उनके कार्यक्षेत्र में प्रदर्शन सुधारने में मदद कर सकते हैं। (5) ऑटिज्म : ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे सामाजिक संचार और व्यवहार में चुनौतियों का सामना करते हैं। व्यावसायिक चिकित्सक इन बच्चों को उनकी इंद्रियों के अनुभवों को व्यवस्थित करने में मदद करते हैं, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों में अधिक भागीदारी कर सकें। उदाहरण के तौर पर, बच्चे जो स्पर्श या आवाज के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें धीरे-धीरे इन अनुभवों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा, उन्हें खेल और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक कौशल सिखाया जाता है। (6) रीढ़ की हड्डी की चोट : रीढ़ की हड्डी में चोट के कारण व्यक्ति को चलने-फिरने में कठिनाई हो सकती है, या वह पूरी तरह से बिस्तर पर निर्भर हो सकता है। व्यावसायिक चिकित्सा द्वारा ऐसे रोगियों को उनके शारीरिक क्षमताओं के अनुसार अनुकूलन किया जाता है, जैसे कि व्हीलचेयर का उपयोग, घर या काम की जगह को अनुकूलित करना, और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक उपकरणों का प्रशिक्षण देना। इससे वे अपने दैनिक जीवन के कार्यों में स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं।

बिहार कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी और व्यावसायिक चिकित्सा के एचओडी सह सीओ डॉ. किशोर कुमार ने जानकारी दी कि ओपीडी में प्रतिदिन स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी आदि के कई मरीज व्यावसायिक चिकित्सा हस्तक्षेप प्राप्त कर रहे हैं और इसका लाभ उठा रहे हैं। प्रत्येक वर्ष, हर आयु समूह के हजारों मरीजों का उपचार किया जाता है। उन्होंने बताया कि बिहार कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी एंड ऑक्यूपेशनल थेरेपी, पटना को एआईओटीए और डब्ल्यूएफओटी से मान्यता प्राप्त है। एचओडी, विभागाध्यक्ष (ऑक्यूपेशनल थेरेपी) डॉ. प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि ऑक्यूपेशनल थेरेपी में स्नातक और परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक बैच में 20 छात्र-छात्राओं का प्रवेश होता है। देश में से मान्यता प्राप्त ऑक्यूपेशनल थेरेपी के 30 कॉलेज हैं। इन कॉलेजों से योग्य व्यावसायिक चिकित्सक अपने निजी क्लिनिक के माध्यम से, पुनर्वास केंद्रों में, एनजीओ के माध्यम से और सरकारी तथा निजी अस्पतालों में मरीजों को व्यावसायिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

व्यावसायिक चिकित्सा स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है। यह न केवल व्यक्तियों की जीवन गुणवत्ता को सुधारता है, बल्कि उन्हें समाज और कार्यक्षेत्र में सशक्त भी बनाता है।

# सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में आउटसोर्सिंग के गुण और दोष



मनतार सिंह

यह विषय आजकल बहुत आम है, लेकिन लागत में कटौती के लिए आउटसोर्सिंग सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच एक लोकप्रिय रणनीति बन गई है। इस दृष्टिकोण के कई लाभ हैं: खर्च में कमी, संगठन में विशिष्ट प्रतिभाओं का आना और उत्पादकता में वृद्धि। लेकिन गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी चिंताएँ, आश्रित जोखिम और वर्तमान कर्मचारी प्रेरणा स्तरों पर नकारात्मक प्रभाव जैसी चुनौतियाँ हैं। यह लेख खर्चों को कम करने के साधन के रूप में आउटसोर्सिंग के उपयोग के फायदे और नुकसान पर चर्चा करता है।

## आउटसोर्सिंग के गुण

अक्सर खर्च बचाने के लिए आउटसोर्सिंग की जाती है. आउटसोर्सिंग गैर-प्रमुख संचालन संगठनों को इन-हाउस कर्मचारियों को बनाए रखने से जुड़े वेतन, लाभ और ओवरहेड लागत पर पैसा बचाने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, सरकारी संस्थाएं विशेष कर्मचारियों को काम पर रखने और प्रशिक्षण देने के उच्च खर्च को बचाने के लिए आईटी सेवाओं को आउटसोर्स कर सकती हैं। कुछ कार्यशालाओं में मौजूदा कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन योजनाएं और अन्य भत्ते आउटसोर्स की तुलना में अधिक राजकोष का उपभोग करते हैं, जहां आउटसोर्सिंग से भत्ते बहुत मामूली होते हैं और आउटसोर्स के लिए तय होते हैं। आउटसोर्सिंग आपको विशेष कौशल और ज्ञान के साथ एक बड़े प्रतिभा पूल तक पहुंच प्रदान करती है जो घर में उपलब्ध नहीं हो सकता है। इससे कार्य की उच्च गुणवत्ता और अधिक नवीन विचार सामने आ सकते हैं। उदाहरण के लिए, निजी उद्यम किसी बाहरी आईटी फर्म की उन्नत तकनीकी क्षमताओं से लाभ कमा सकते हैं, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है। आउटसोर्सिंग आपको विशेष कौशल और जानकारी के विश्वव्यापी प्रतिभा पूल में प्रवेश करने की अनुमति देता है जो घर में उपलब्ध नहीं हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप नौकरी की गुणवत्ता में सुधार और अधिक मौलिक विचार सामने आ सकते हैं। उदाहरण के लिए, निजी कंपनियाँ किसी बाहरी आईटी कंपनी की मजबूत तकनीकी क्षमताओं से प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त कर लाभ उठा सकती हैं। आउटसोर्सिंग संगठनों को पूर्णकालिक कर्मियों को काम पर रखने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के बिना, मांग के जवाब में संचालन को ऊपर या नीचे करने में सक्षम बनाती है। यह अनुकूलनशीलता सरकार के लिए महत्वपूर्ण है। बदलती आवश्यकताओं और आर्थिक स्थितियों पर प्रतिक्रिया करने में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र। उदाहरण के लिए, एक सरकारी संगठन, स्थायी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता के बिना मांग में अस्थायी वृद्धि के दौरान डेटा प्रविष्टि कार्यों को आउटसोर्स कर सकता है।

बाहरी प्रदाताओं को गैर-आवश्यक कर्तव्य सौंपने से संगठनों को अपनी मुख्य गतिविधियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की अनुमति मिलती है। इस रणनीतिक फोकस से अधिक कुशल संसाधन आवंटन और बेहतर समग्र प्रदर्शन हो सकता है। उदाहरण के लिए, एक निजी फर्म आज के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में उत्पाद विकास और विपणन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी ग्राहक सहायता गतिविधियों को आउटसोर्स कर सकती है।

## आउटसोर्सिंग के दोष

आउटसोर्सिंग कार्य से लगातार गुणवत्ता बनाए रखना मुश्किल हो सकता है। यह ख़तरा हमेशा बना रहता है कि बाहरी प्रदाता घरेलू कर्मचारियों के समान मानकों को पूरा नहीं करेंगे। उदाहरण के लिए, एक सरकारी एजेंसी जो सार्वजनिक सेवाओं को आउटसोर्स करती है, उसे आलोचना का सामना करना पड़ सकता है यदि आउटसोर्स की गई सेवाएँ जनता की अपेक्षाओं से मेल नहीं खाती हैं।

बाहरी प्रदाताओं पर अत्यधिक निर्भरता से निर्भरता संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। यदि आउटसोर्सिंग भागीदार डिलीवरी करने में विफल रहता है, तो इससे व्यवसाय बाधित हो सकता है और गंभीर नुकसान हो सकता है। यह सरकार, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है, क्योंकि यदि सेवा वित्तीय या परिचालन समस्याओं का अनुभव करती है तो एकल स्रोत पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। आउटसोर्सिंग के परिणामस्वरूप फर्म के विशिष्ट क्षेत्रों पर नियंत्रण खो सकता है। संगठनों का बाहरी प्रदाता की प्रक्रियाओं और निर्णय लेने पर कम प्रभाव हो सकता है, जिससे अंतिम आउटपुट प्रभावित होगा। उदाहरण के लिए, एक निजी कंपनी जो अपनी आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को आउटसोर्स करती है, उसे समय पर डिलीवरी और उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

कर्मचारी मनोबल पर नकारात्मक प्रभावः आउटसोर्सिंग से घरेलू कर्मचारियों के बीच नौकरी में अनिश्चितता पैदा हो सकती है, जिससे मनोबल और उत्पादकता कम हो सकती है। कर्मचारियों को अपनी नौकरी खोने या बदले जाने का डर हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रेरणा और सहभागिता कम हो सकती है। यह सरकारी क्षेत्र में एक विशेष रूप से कठिन विषय है, जहां कर्मियों के लिए नौकरी की सुरक्षा अक्सर सर्वोच्च प्राथमिकता होती है।

हालाँकि आउटसोर्सिंग के परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष लागत में कटौती हो सकती है, लेकिन आउटसोर्सिंग अनुबंध को बनाए रखने से जुड़े छिपे हुए खर्च हो सकते हैं। ये खर्च अनुबंध प्रशासन, संचार और समन्वय को कवर करते हैं। उदाहरण के लिए, एक निजी फर्म को आउटसोर्स किए गए कार्यों की निगरानी और संगठनात्मक उद्देश्यों के साथ संरेखण सुनिश्चित करने में अतिरिक्त व्यय करना पड़ सकता है।

# बजरी माफियाओं द्वारा पुलिस पर हमला, हवाई फायरिंग कर पुलिस ने बचाई अपनी जान

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पुलिस का इक़बाल ख़त्म हो चुका है बजरी खनन माफ़ियाओं ने बुधवार को अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करने गई पुलिस पर हमला कर एक पुलिस कर्मी को घायल कर दिया पुलिस ने हवाई फ़ायर कर अपनी जान बचायी मामला सवाई माधोपुर में मलारना डूंगर थाना इलाके के कुंडली नदी गांव का है जहां बजरी माफियाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई करने गई टीम पर यह हमला हुआ। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस की 4 गाड़ियों पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस हमले में पुलिस का 1 जवान घायल हो गया। पुलिस कर्मियों ने हवाई फायरिंग कर बदमाशों को भगाया। इस दौरान 2 आरोपियों को पकड़ लिया गया।

एसपी ममता गुप्ता के निर्देशन पर मलारना डूंगर थाने की टीम कुंडली नदी गांव में मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे कार्रवाई करने गई थी। यातायात ऊढ पिंटू कुमार के नेतृत्व में मलारना डूंगर थाना प्रभारी राधारमन गुप्ता, ऊळ प्रभारी पंजाब सिंह और क्यूआरटी प्रभारी प्रेमचंद पुलिस जाप्ते के साथ कुंडली नदी गांव में कार्रवाई करने के लिए पहुंचे थे। रास्ता रोककर किया हमला अवैध बजरी खनन व परिवहन पर कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर बजरी माफियाओं ने पुलिस कर्मियों का रास्ता रोककर सरकारी वाहनों पर पथराव कर 4 वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले में एक पुलिसकर्मी के चोट भी आई है। वहीं अन्य पुलिस कर्मियों ने आरोपियों को चेतावनी देते हुए पिस्टल व राइफल से 3 हवाई फायरिंग कर बदमाशों को खदेड़ा। पुलिस ने मौके से 2 लोगों को डिटेन किया। वहीं 12 लोगों को नामजद किया और 10-12 अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धारओं में प्रकरण दर्ज कर लिया और आरोपियों की तलाश शुरू की।

बाइकों पर सवार होकर आए हमलावर थानाधिकारी राधारमन गुप्ता ने बताया कि ऊढ पिंटू कुमार के नेतृत्व में ऊळ और दफ्ळ टीम के साथ कार्रवाई करने पहुंचे थे। इस दौरान टीम के गांव में पहुंचने पर सड़क पर बजरी माफियाओं ने बीच रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को खाली कर दिया। जिसके चलते रास्ता अवरूद्ध हो गया और सरकारी वाहन बीच रास्ते में फंस गए। तभी गांव की तरफ से 20-25 व्यक्ति बाइकों पर सवार होकर आए और पुलिस वाहनों पर पथराव करने लगे। आरोपियों की ओर से 4 सरकारी वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की गई। पुलिसकर्मियों ने अपने बचाव के लिए 3 हवाई फायर किए। जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। इस दौरान पुलिस ने 2 लोगों को डिटेन भी किया है।

इन लोगों पर हुई ऋक्क्रथानाधिकारी गुप्ता ने बताया कि पुलिस पर हमले के मामले में मानसिंह पुत्र कैलाश मीणा निवासी बागड़ी, फिरोज खान पुत्र जलालुद्दीन खान निवासी खाट खुर्द थाना सूरवाल, विश्राम पुत्र मुरारी मीणा, महेंद्र पुत्र मुरारी मीणा, गोलू पुत्र बनवारी मीणा, लोकेश पुत्र सीताराम मीणा, राजेश पुत्र मुनीराम मीना, रामराज पुत्र बद्री मीणा निवासी कुंडली नदी, अशोक मीणा निवासी बगड़ी, धीरज मीणा खेलराज मीणा निवासी तारनपुर और गुड्डू पुत्र फौजी मीणा निवासी खाट व अन्य 10-12 लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है।




## संक्षिप्त समाचार

### प्रोग्रामर प्रतियोगी परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

- राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2024 को आयोजित होगी परीक्षा
- जयपुर शहर के 109 परीक्षा केन्द्रों में दो पारियों में आयोजित होगी परीक्षा

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार, 27 अक्टूबर 2024 को प्रोग्रामर प्रतियोगिता परीक्षा (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग)-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर के 109 केन्द्रों पर होगा। दो पारियों में (प्रथम पारी प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक) आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 35 हजार 746 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 25 अक्टूबर एवं 27 अक्टूबर, 2024 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 25 अक्टूबर एवं 26 अक्टूबर 2024 तक प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 27 अक्टूबर 2024 को को प्रातः 8 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए प्रत्येक पारी में 37-37 उप समन्वयक एवं 20-20 उड़नदस्तों का तैनाती की गई है।उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने करी कार्रवाई

- विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए घी, काजूकतली, आटा,चावल व मिठाईयों के नमूने
- सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार के निर्देशन में दिया गया सकारात्मक कार्रवाई को अंजाम



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम। 24 अक्टूबर।** डॉ जितेंद्र कुमार सोनी (जयपुर जिला कलेक्टर ) के द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार के निर्देशन मे गुरुवार को खाद्य सुरक्षा दल द्वारा स्पेशल शंकर मिष्ठान भंडार गांधीनगर के यहां से मावा मिठाई एवं काजू कतली, कान्हा रेस्टोरेंट टोंक रोड से मावा मिठाई, हंसराज कॉरपोरेशन टोंक रोड बरकत नगर से घी ओम स्वीट्स अजमेर रोड से मावा मिठाई जोधपुर मिष्ठान भंडार चित्रकूट से मावा मिठाई के नमूने जांच हेतु लिये खाद्य सुरक्षा दल द्वारा अन्नपूर्णा रसोई संजय नगर डीसीएम के यहां से आटा चावल एवं तेल के नमूने भी जांच हेतु लिए गए 'दुकानदारों को दीपावली के दौरान दुकान में साफ सफाई रखने के लिये विशेष ध्यान रखने के दिशा निर्देश दिये गये साथ ही मिठाईयों में स्वयं द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त दूध से निर्मित मावे का ही उपयोग करने के लिये निर्देश प्रदान किये गये । सभी प्रतिष्ठानों को रसोई, बर्तन, फर्श, दीवारें, काउंटर आदि साफ रखने, खाद्य सामग्री को ढककर रखने के लिए पाबंद किया गया।लिये गये खाद्य नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला जयपुर में जांच हेतु भिजवाया गया है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## आरडीएसएस योजना की समीक्षा

# अतिरिक्त टीमें लगाकर समय पर पूर्ण हो योजना : आरती डोगरा

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** डिसकॉम चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबन्ध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने रिवेम्पड रिफार्म बेस्ड एण्ड रिजल्ट लिंक्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आर डी एस एस) की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश प्रदान किए कि योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को समय पर पूर्ण करवाएं, जिससे इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को शीघ्र मिल सके। इस योजना के तहत किए जा रहे कार्यों से विद्युत तंत्र में सुधार होने से विद्युत आपूर्ति एवं ओवरलोडिंग की समस्या दूर होगी, जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होगी और विद्युत छीजत में कमी आएगी।

सुश्री डोगरा गुरूवार को विद्युत भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में आरडीएसएस योजना के तहत किए जा रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने इस योजना के तहत नए 33/11 केवी सब- स्टेशन बनाने, 33 केवी फीडर सेग्रीगेशन, 11 केवी फीडर सेग्रीगेशन, एचडीवीएस कार्य एवं केबलिंग के कार्य में सर्किलवार हुई प्रगति व आवशयक मैटेरियल की उपलब्धता के बारे में संबंधित सर्किल के अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता (आरडीएसएस) व कॉन्ट्रेक्टर्स से एक-एक कर वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की और कमजोर प्रगति वाले सर्किलों को आवशयक निर्देश प्रदान किए।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने बैठक में उपस्थित कॉन्ट्रेक्टर्स को कहा कि योजना के तहत की जा रही हर एक्टिविटी के लिए अलग-अलग टीमें लगाने के साथ ही कार्य को समय पर पूरा करने के लिए टीमों की संख्या को बढाएं ताकि कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो सके। इसके साथ ही उन्होंने डिस्कॉम के अधिशासी अभियन्ता (आरडीएसएस) को भी निर्देश प्रदान किए कि वे फील्ड में जाकर नियमित रुप से कार्यों की मॉनिटरिंग करें और कार्य के दौरान आने वाली मैटेरियल, भूमि आवंटन व अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए विशेष प्रयास करें।

बैठक में निदेशक तकनीकी श्री एस.एस.नेहरा, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता पीपीएम श्री आर.के. शर्मा , अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एमएम श्री आर.के.मीना, अधीक्षण अभियन्ता आरडीएसएस, सभी सर्किलों के अधिशासी अभियन्ता आरडीएसएस, कॉन्ट्रेक्टर्स उपस्थित रहे व सर्किल अधीक्षण अभियन्ता वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से जुड़े।

## स्कूली छात्राओं को दी गई माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन की जानकारी

- महिला अधिकारिता विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन
- जिला मुख्यालय से पंचायत समिति स्तर तक हुआ कार्यशाला का आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर।** महिला अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार एवं एजुकेट गर्ल्स संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जयपुर जिला मुख्यालय से पंचायत समिति स्तर तक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गालव नगर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में सैकड़ों छात्राओं को माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रदान की गई।उपनिदेशक, महिला अधिकारिता विभाग डॉ. राजेश डोगीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई कार्यशाला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर से गायनोलॉजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सोनू विषय विशेषज्ञों छात्राओं को माहवारी स्वास्थ्य, एनीमिया एवं उनके स्वास्थ्य को लेकर जागरुक किया। साथ ही काली बाई भील संबलन योजना सहित राजस्थान सरकारी अन्य लोकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।पंचायत समिति स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं में भी ना केवल छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं जागरुक रहने के लिए प्रेरित किया गया बल्कि मौके पर ही छात्राओं की एनीमिया जांच भी की गई।जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी का संचालन स्कूल व्याख्याता भावना गोयल एवं महिला अधिकारिता से जेंडर एक्सपर्ट प्रवीण कुमार और एजुकेट गर्ल्स से डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज ज्ञानप्रकाश शर्मा ने किया। प्रधानाचार्य लालचंद मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस दौरान प्रोटेक्शन ऑफिसर अनिरुद्ध शर्मा, प्रचेता सांगानेर, उच्छब शर्मा, एजुकेट गर्ल्स टीम से स्टेट लीड सुनील शेखर शर्मा, डॉ भावना मिश्रा, विपुल शर्मा, डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज ज्ञान प्रकाश शर्मा, राजीव राय, राधेश्याम, शिव गणेश सहित विद्यालय से प्रधानाचार्य लालचंद मीणा, सहित महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## दिया कुमारी बनी भाजपा की सक्रिय सदस्य

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 'सक्रिय सदस्यता अभियान' के तहत उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज पार्टी की विधिवत सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जयपुर शहर जिला अध्यक्ष राघव शर्मा जयपुर सदस्यता अभियान जिला संयोजक शैलेंद्र भार्गव सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।



## मुकेश अंबानी और जेनसेंग हुआंग ने की घोषणा

# रिलायंस और एनविडिया का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए हुआ करार

## भारत में एआई का मूलभूत ढांचा तैयार करने के लिए काम करेंगे रिलायंस और एनविडिया

चमकता राजस्थान

मुंबई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र की ग्लोबल कंपनी एनविडिया के प्रमुख जेनसेंग हुआंग और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने घोषणा की है कि दोनों कंपनियों ने भारत में एआई लाने के लिए एक करार किया है। दोनों ने ये घोषणा मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में की जहां 23 से 25 अक्टूबर तक 'एनविडिया समिट इंडिया' कार्यक्रम चल रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो अब दुनिया की सबसे बड़ी डेटा कंपनी बन चुकी है। एनविडिया के फाउंडर और सीईओ जेनसन हुआंग ने ऐलान किया रिलायंस और एनविडिया मिलकर भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहे हैं। यह साझेदारी भारत को एआई के क्षेत्र में एक अग्रणी देश बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी।

भारत में जेनसेंग हुआंग का स्वागत करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत के बड़े सपनों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के चलते भारत आज डिजिटल क्रांति के नए युग में प्रवेश कर रहा है। एनविडिया के फाउंडर और सीईओ जेन्सन हुआंग ने भारत को डीप टेक्नोलॉजी हब बनाने में मुकेश अंबानी के प्रयासों की सराहना की। हुआंग ने भारत के आईटी क्षेत्र की क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा, ''दुनिया में बहुत कम देश हैं जहाँ कंप्यूटर साइंस और आईटी के क्षेत्र में इतने सारे प्रशिक्षित लोग हैं।'' जेनसन हुआंग ने कहा,रयह एक असाधारण समय है, जहां भारत के पास बड़ी संख्या में कंप्यूटर इंजीनियर और एक विशाल जनसंख्या है। मैं इस साझेदारी के लिए मुकेश अंबानी के साथ काम करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।



### मुकेश अंबानी ने कहा, 'किफ़ायती हो, हरेक भारतीय तक पहुँचे एआई का फ़ायदा'

मुकेश अंबानी ने जेनसेंग से बातचीत में कहा कि हमें ये ध्यान रखना है कि न केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का फ़ायदा हर भारतीय तक पहुँचे बल्कि ये भी कि ये किफायती दामों में उपलब्ध हो। मुकेश अंबानी ने कहा कि हमें ये सुनिश्चित करना होगा कि हमारे इसी फ़ोन और इसी कंप्यूटर पर एआई लोगों को मिल सके। इस नई तकनीक को लोगों तक आसानी से पहुँचाना हमारी ज़िम्मेदारी है और हमें मिलकर इसे पूरा करना होगा।

मुकेश अंबानी ने कहा कि एआई एक ज्ञानक्रांति है जिससे वैश्विक समृद्धि का रास्ता खुलता है। उन्होंने कहा कि भारत में युवाओं की आबादी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने देश को डिजिटल समाज में परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंबानी ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। भारत तेजी से दुनिया का इनोवेशन हब बनता जा रहा है और हमारे पास दुनिया में सबसे अच्छा डिजिटल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर है।

उन्होंने कहा कि रिलायंस जियो विश्व स्तर पर सबसे बड़ी डेटा कंपनी है। उन्होंने बताया कि यह 15 सेंट प्रति जीबी की कम लागत पर डेटा प्रदान करती है, जबकि अमेरिका में यह पांच डॉलर प्रति जीबी है। उन्होंने कहा कि जैसा जियो ने डेटा में किया वैसी ही क्रांति अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में लाने की ज़रूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर पुलिस ने किया हनीट्रैप गैंग का पर्दाफाश

- युवक से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर मिलने बुलाया, बंधक बनाकर अश्लील फोटो-वीडियो लिए
- वायरल करने की धमकी देकर 21 लाख रुपए की मांगी थी फिरौती, युवती समेत चार गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। जयपुर/बाड़मेर! (खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर।** बाड़मेर में सोशल मीडिया पर एक युवक से दोस्ती कर मिलने के बहाने बुला बंधक बना कर मारपीट एवं अश्लील फोटो-वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 21 लाख रुपयों की फिरौती मांगने के मामले में जिले की सदर, रीको, धनाऊ थाना पुलिस एवं डीएसटी व डीसीआरबी टीम ने हनीट्रैप गिरोह का खुलासा करते हुए एक युवती समेत चार जनों को गिरफ्तार किया हैएसपी नरेंद्र कुमार मीना ने बताया कि 23 अक्टूबर को धनाऊ निवासी मुकेश कुमार विश्नोई द्वारा थाना सदर पर रिपोर्ट दी गई कि शशिबेरी निवासी रामेश्वरी विश्नोई करीब डेढ़ महीनों से उसे इंस्टाग्राम पर मैसेज करती है। 22 अक्टूबर को रामेश्वरी ने जरूरी काम होना कह कर उसे बाड़मेर बुलाया था। जब वह बताए गए स्थान पर पहुंचा तो रामेश्वरी और उसके साथियों धोलाराम, पप्पू राम, हनुमान व कालूराम ने उसे बंधक बना लिया और मारपीट कर अश्लील फोटो व वीडियो बनाएं। इन फोटो वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर 21 लाख रुपए की फिरौती मांगी।एसपी मीना ने बताया कि मुकेश कुमार ने जब मुलजिऊमो से 21 लाख रुपए उसके पास नहीं होना बताया तो उन्होंने 500000 देने पर ही छोड़ने की मांग रखी। इस पर मुकेश ने अपने भाई को कॉल कर 5 लाख की व्यवस्था करने को कहा। भाई ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर मुकदमा दर्ज कर तुरंत आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व सीओ रमेश कुमार शर्मा के सुपरविजन में एसएचओ सदर सत्य प्रकाश, एसएचओ रीको मनोज सांवरिया, एसएचओ धनाऊ गोविंदराम, डीएसटी प्रभारी अमीन खान की टीम गठित की गई।आसूचना संकलन के दौरान 22-23 अक्टूबर की रात सूचना मिली कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कूल से आगे शिवकर रोड पर एक मकान में एक व्यक्ति को बंधक बना रखा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची, मगर मुल्जिम पुलिस की भनक लगते ही भाग गए। पुलिस ने मकान में बंधक बनाए मुकेश कुमार को मुक्त करवा लिया और आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश दी गई।पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रात भर अलग-अलग स्थान पर दबिश दी। तकनीकी सहायता एवं आसूचना संकलन के आधार पर आरोपी रामेश्वरी विश्नोई पुत्र पेमाराम, निवासी शशिबेरी थाना धनाउ, धोला राम विश्नोई पुत्र चनणा राम, हनुमान विश्नोई पुत्र भाखरा राम एवं कालूराम विश्नोई पुत्र विरमाराम निवासी भवानीपुरा थाना सेड़वा को गिरफ्तार कर लिया। जिनसे अग्रिम अनुसंधान व पूछताछ की जा रही है।

## राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट-2024

# जिला कलक्टर ने की मौजूदगी में 8500 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त

## डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने किया उद्योगपतियों एवं निवेशकों से संवाद

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर।** जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। मीट के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण जिले के उद्यमियों से संपर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, रीको एवं बगरू औद्योगिक एसोसिएशन तथा लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने उद्योगपतियों एवं निवेशकों से संवाद किया।बैठक में निवेशकों की ओर से जिला कलक्टर की मौजूदगी में 8500 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। एम्प्लायर एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के जैन ने राशि रुपये 8000 करोड़, एसोसिएशन 200 करोड़, ×फोर्टी एवं लायंस क्लब द्वारा 200 करोड़ के औद्योगिक निवेश पर सहमति जाहिर की। साथ ही रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को तलाश कर इम्प्लीमेंट किये जाने पर जोर दिया।डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान निवेश एवं प्रदेश में औद्योगिक विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। जिला प्रशासन जिले में निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा अलग अलग निवेशकों एवं आद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर हजारों करोड़ के निवेश करारों पर सहमति बनाई है। इस दौरान उन्होंने उद्योग जगत से जुड़े विभिन्न मुददों पर ध्यान देते हुए जिले में नए उद्योगों को स्थापित करने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और उ़द्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता जताई।बैठक में राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उद्यमी के.एल. जैन, ज्वैलरी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला, वी के आई एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सोमानी, लघु उद्योग भारती के महेन्द्र मिश्रा, 22 गोदाम एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विमल किशोर सारड़ा, होटल एसोसिएशन से हुसैन ने अपने विचार रखे। मालवीय औद्योगिक संगठन के महावीर अग्रवाल मानसरोवर औद्योगिक संघ से अभय गुप्ता मंडा औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि सौरभ बैराठी दम औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में संभावित रुकावटों को दूर किये जाने पर चर्चा कीबैठक में जयपुर के प्रमुख औद्योगिक संघों, वीकेआई उद्योग एसोसिएशन, ×फोर्टी, आरतिया, 22 गोदाम एसोसिएशन, सुदर्शनपुरा एसोसिएशन, बगरू, दूदू, मंडा, मानसरोवर, जैतपुरा ,मालवीय नगर, झोटवाड़ा, नेशनल आयल मिल संघटन, मचबी, फोरेक्स, राजस्थान होटल एसोसियेशन, सीतापुरा एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न संघों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराया एवं जिला कलेक्टर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू क्षेत्र के सभी औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों व औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया। लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधियों की सहभागिता भी रही। महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, जयपुर (शहर) शिल्पी आर. पुरोहित ने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से आये आगंतुकों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं, सहायक आयुक्त जिला उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, जयपुर (शहर) बी.आर.चौधरी द्वारा निवेश हेतु जयपुर की विशेषताओं के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया गया।रीको, जयपुर (ग्रामीण) के प्रतिनिधि राकेश शर्मा, क्षेत्रीय प्रबन्धक द्वारा विकसित किये जा रहे नवीन औद्योगिक क्षेत्रों जैसे श्री राम जानकीकुञ्जबिहारीपुरा, बिचून, हुक्कन एवं निमोडिया की प्रगति से अवगत कराया। वर्तमान में जयपुर जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटन योग्य रिक्त भूखण्डों की जानकारी से अवगत कराया जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आगंतुकों के साथ संवाद किया गया एवं दिनांक 8 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट को सभी के समन्वित प्रयास से अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव लाकर सफल बनाने हेतु जुट जाने का संकल्प लिया गया।

# 14 पुलिस थानों के 44 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध अफीम डोडा चूरा व गांजा को पुलिस ने किया नष्ट

चमकता राजस्थान



- करीब 135 क्विंटल मादक पदार्थ को जलाकर किया नष्ट
- जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी व एडिशनल एस पी सरिता सिंह रही मौजूद

चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी) चित्तौड़गढ़ जिले के 14 पुलिस थानों में जब्तशुदा अवैध डोडाचूरा व गांजा को न्यायालय से भौतिक सत्यापन व निर्णय के बाद बुधवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की उपस्थिति में जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा थाना सदर निम्बाहेड़ा के वंडर सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा 135 क्विंटल 90 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा व गांजा को नष्ट किया गया ।पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि, जिले के 14 पुलिस थानों के मालखाना एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा मादक पदार्थों की वजह से लबालब भरे पड़े थे, जिससे अन्य जब्तशुदा मालों के रखने की समस्या आ रही थी। माल निस्तारण और थाने को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय की कार्य प्रणाली शाखा द्वारा संबंधित थानाधिकारियों से माल के निस्तारण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर, रिकॉर्ड तैयार किया गया ।उक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल, पुलिस निरीक्षक जोधाराम व उपनिरीक्षक भंवरलाल दशोरा सहित संबंधित 14 थानों के थानाधिकारी एवं मालखाना प्रभारी व कार्यप्रणाली शाखा प्रभारी एएसआई गोविंद कुमार एवं कार्यालय के कर्मचारियों आदि की उपस्थिति में आवशयक रिकॉर्ड मिलान करने के बाद मादक पदार्थों का वजन किया गया तथा संबंधित मालों के वजन करने व नष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो इसके लिए सम्पूर्ण कार्यवाही के समय फोटो ग्राफी व विडियो ग्राफी करवाई गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़, कोतवाली निम्बाहेड़ा, सदर निम्बाहेड़ा, भदेसर, बस्सी, बेगूं, पारसोली, कपासन, बड़ीसादड़ी, निकुम्भ, मंडफिया, मंगलवाड़ व शंभूपुरा के कुल 14 पुलिस थानों में दर्ज कुल 44 प्रकरणों में से 43 प्रकरणों में अवैध मादक पदार्थ 135 क्विंटल 88 किग्रा डोडा चूरा व एक प्रकरण में 02 किग्रा 253 ग्राम गांजा को जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान तस्करों के कब्जे से जब्त किया गया था। उक्त सभी 44 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को जिला औषधि व्ययन समिति चित्तौड़गढ़ द्वारा वंडर सीमेंट थाना सदर निम्बाहेड़ा के अधिकारियों यूनिट हैड नितिन जैन, सुरक्षा हेड नगेन्द्र सिंह चूंडावत, उप सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह राठौड़, एएफआर हैड अभिषेक नामदेव, एडमिन प्रभारी अखिलेश कुमार व पर्यावरण विभाग के सीनियर मैनेजर अमित भारद्वाज की उपस्थिति में सोमवार को सदर निम्बाहेड़ा के वंडर सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया।

## रेलवे की जनकल्याणकारी योजनाओं को 5 वर्षों में पूरा किया जाएगा

# मंत्रिमंडल ने 6,798 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की रेलवे की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है

चमकता राजस्थान




- परियोजनाएं परिवहन-संपर्क सुविधा प्रदान करेंगी,
- यात्रा को आसान बनाएंगी, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगी, तेल आयात को कम करेंगी और कार्बनडाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लायेंगी :- अश्विनी वैष्णव केन्द्रीय रेल मंत्री
- मौजूदा लाइन क्षमता में वृद्धि होगी और परिवहन नेटवर्क बढ़ेगा,
- आपूर्ति श्रृंखलाएं सुव्यवस्थित होंगी और आर्थिक विकास को गति मिलेगी
- परियोजनाओं से लगभग 106 लाख मानव-दिवसों का प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा

जयपुर/दिल्ली!( खलील कुरैशी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने रेल मंत्रालय की 6,798 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल अनुमानित लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

मंजूर की गयी दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं (क) नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी- दरभंगा और सीतामढ़ी- मुजफ्फरपुर खंड का दोहरीकरण, जो 256 किलोमीटर लंबा है और (ख) अमरावती होकर एर्रुपलेम और नम्बुरु के बीच 57 किलोमीटर लंबी नई लाइन का निर्माण। ये दोनों परियोजनाएं 5 वर्षों में पूरी की जायेंगी। इन परियोजनाओं से लगभग 106 लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगानरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगाऔरसीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्तीक्षेत्रोंसेपरिवहन-संपर्क मजबूत होगा और मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री रेलगाड़ियों की आवाजाही में सुविधा होगी, जिसके परिणामस्वरूप, क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।एर्रुपलेम-अमरावती-नम्बुरु नई रेल लाइन परियोजना आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों तथा तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरती है।3 राज्यों, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार, के 8 जिलों को शामिल करने वाली ये दो परियोजनाएं, भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर तक की वृद्धि करेंगी।नई लाइन परियोजना 9 नए स्टेशनों के साथ लगभग 168 गांवों और लगभग 12 लाख आबादी को परिवहन-संपर्क सुविधा प्रदान करेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना दो आकांक्षी जिलों (सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर) में परिवहन-संपर्क सुविधा बढ़ाएगी, जिससे लगभग 388 गांवों और लगभग 9 लाख आबादी को सेवा प्राप्त होगी।ये कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवशयक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 31 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे, परिवहन का पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक्स लागत तथा कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (168 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा। यह 7 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। नई लाइन का प्रस्ताव, आंध्र प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी ''अमरावती'' को सीधा संपर्क प्रदान करेगा तथा उद्योगों और आबादी की परिवहन-सुविधा में सुधार करेगा। इससे भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव, परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवशयक अवसंरचना विकसित होगी।ये परियोजनाएँ प्रधानमंत्री के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को ''आत्मनिर्भर'' बनाने पर आधारित है। इन परियोजनाओं से लोगों के रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।ये परियोजनाएँ मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है। परियोजनाएँ लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध परिवहन-संपर्क सुविधा प्रदान करेंगी।

# महानिदेशक पुलिस एसीबी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में उदयपुर में एसीबी विभाग ने दिया में प्रभावी कार्रवाई को अंजाम

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, उदयपुर के संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले करी कार्रवाई






चमकता राजस्थान

## उदयपुर, भीलवाड़ा स्थित 4 ठिकानों पर छापे, आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी

जयपुर।(खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर, गुरुवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा उदयपुर, भीलवाड़ा में अल-सुबह कार्यवाही करते हुये जयमल सिंह राठौड़ संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी, उदयपुर (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग) के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में आरोपी के 4 विभिन्न ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया गया।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय सूत्र-सूचना प्राप्त हुई थी कि जयमल सिंह राठौड़ संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी, उदयपुर द्वारा भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा अपने एवं अपने परिजनों के नाम से अपनी वैध आय से आनुपातिक रूप से अधिक चल-अचल सम्पत्तियाँ अर्जित की गई है, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है।उक्त सूत्र-सूचना का ए.सी.बी. की इन्टेजिलेन्स शाखा द्वारा गोपनीय रूप से सत्यापन किया गया एवं तथ्यों की पुष्टि होने पर आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित का मामला बनना पाये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में ए.सी.बी.की उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनन्त कुमार,अनुसंधान अधिकारी के नेतृत्व में सक्षम न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त किया जाकर ए.सी.बी राजसमंद के अति.पु.अ. हिम्मत सिंह, ए.सी.बी चित्तौड़गढ़ के अति.पु.अ. विक्रम सिंह एवं ए.सी.बी. डूंगरपुर के उ.अ.पु. रतन सिंह राजपुरोहित की विभिन्न टीमों ने एक साथ, अलसुबह आरोपी के उदयपुर, भीलवाड़ा स्थित 4 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की गई।आरोपी जयमल सिंह राठौड़ एवं उसके परिजनों के नाम पर सरदारपुरा योजना उदयपुर में एक मकान, सज्जनगढ़ रोड पर एक आलीशान होटल, मचीन्द, खमनोर में पांच आवासीय भूखंड, मदार बड़गांव में एक आवासीय भूखंड, सीसरमा में लगभग सवा दो बीघा कृषि भूमि, चार चौपहिया महंगे लग्जरी वाहन (किया सेल्टोस, महिंद्रा एक्सयूवी 300, मारुति इग्निस व मारुति एस-क्रॉस) सरदारपुरा उदयपुर में स्वयं के निवास स्थान से लगभग डेढ़ किलोग्राम सोने के आभूषण व 13.70 किलोग्राम चांदी के आभूषण एवं लगभग 3 लाख रुपये की नगदी मिले हैं। आरोपी की पत्न ी अनुराधा एवं पुत्र हनुतसिंह के नाम पर 7062.50 वर्ग फीट क्षेत्रफल में बना चार मंजिला एवं 26 कमरों वाला लग्जरी होटल मानविलास रिसॉर्ट है इसमें एक रूफटॉप रेस्टोरेंट भी संचालित है। उक्त होटल में आरोपी द्वारा करोड़ों रुपए का निवेश करना पाया गया है। इसके अतिरिक्त आरोपी एवं उसके परिजनों के विभिन्न बैंक खातों तथा बीमा पॉलिसियों में निवेश की जानकारी प्राप्त हुई है। आरोपी एवं उसकी पत्नी के नाम पर एक संयुक्त बैंक लॉकर भी मिला है, जिसकी तलाशी ली जानी शेष है। आरोपी के निवास स्थान की तलाशी के दौरान लगभग 100 से अधिक महंगी शराब की बोतलें मिली हैं, साथ ही अनेक वन्यजीवों के नाखून एवं सींग भी मिले हैं, जिनके संबंध में पृथक से संबंधित पुलिस थाने को सूचित कर नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु कहा गया है।ब्यूरो के प्राथमिक आकलन, प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अब तक तलाशी में मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी जयमल सिंह राठौड़ द्वारा अपने सेवाकाल में भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा करोड़ों रुपये की खरीद कीमत की अनेक चल-अचल परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान है, जो उनकी वैध आय से आनुपातिक रूप से कहीं अधिक है। इसके अतिरिक्त आरोपी एवं उसके परिजनों द्वारा कई बेनामी परिसम्पत्तियों में निवेश के साक्ष्य मिले हैं, जिनकी विस्तृत जाँच की जायेगी।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। मामले में ए.सी. बी द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 242 पशुओं को किया गया जब्त

**किशनगंज।** सदर थाना की पुलिस ने रामपुर चेक पोस्ट से एक ट्रक में ले जाया जा रहा 242 पशुओं को जब्त किया गया है। जब्त पशुओं के साथ ट्रक के चालक को भी हिरासत में लिया गया है। ट्रक में सूअर लोड था। सदर थाना की पुलिस रामपुर चेक पोस्ट के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी पशुओं से लोड एक ट्रक वहां से गुजर रही थी। ट्रक को रूकवाकर तलाशी ली गई तो उसमें सुअर लोड था। इसके बाद ट्रक चालक से कागजात की मांग की गई। पुलिस के द्वारा आगे की प्रक्रिया जारी थी। जब्त पशुओं को हरियाणा की ओर से लाया जा रहा था।जिसे बंगाल के रास्ते कही आगे ले जाया जा रहा था।

### साइबर ठगी गिरोह के दस लोग गिरफ्तार

**भागलपुर।** भागलपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय संगठित साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसमें भारी संख्या में अवैध 34 एटीएम कार्ड, 44 सिम कार्ड, 38 मोबाईल, 3 पासबुक, 14 चेकबुक, 06 बाईक, नगद 73,500 रुपया, जेवरात 72.38 ग्राम और एक लैपटॉप के साथ 10 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी सिटी एसपी डॉ के रामदास ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। सिटी एसपी ने बताया कि बीते 19 अक्टूबर को भागलपुर साइबर थाना के द्वारा प्रतिबिम्ब पोर्टल कि निगरानी के क्रम में मो० नं. +917595824734 संदिग्ध प्रतीत हुआ जिसकालोकेशन भागलपुर पाया गया। उक्त नं. का विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ कि इसके विरूद्ध कुल चार शिकायत दर्ज की गई है, जो 2,69,604/-रू0 साइबर धोखाधड़ी से संबंधित है। इस मामले का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए वरीय पुलिसअधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक सहसाइबर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

### तम्बाकू सेवन के खिलाफ चलेगा सघन अभियान

**भागलपुर।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति सह अन्य सरकारी पदाधिकारियों एवं अन्य हितधारकों के लिए जिला स्तरीय उन्मुखी सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों के अलावा पुलिस के अधिकारी भी उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से न सिर्फ सेहत पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है बल्कि आर्थिक नुकसान भी होता है। तम्बाकू सेवन न करके जिंदगी के साथ- साथ आर्थिक नुकसान को भी बचाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने तम्बाकू नियंत्रण के लिए छापमार दस्ता के सदस्यों को निर्देश दिया कि शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में अवस्थित सभी तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को हटवाते हुए नियमित रूप से छापामारी करने का निर्देश दिया। सभीअधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने अपने कार्यालयों में तम्बाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

### पानी में डूब कर दो साल की बच्ची की मौत

**किशनगंज।** प्रखंड अंतर्गत सालकी गांव में 2 वर्षीय बच्ची की बाल्टी के पानी में डूब कर मौत हो गई। गुरुवार को सदर अस्पताल में बच्ची के परिजन ने बताया कि बच्ची की मां उपमा देवी बच्ची को आंगन में रखकर घर का अन्य कार्य कर रही थी। इस बीच बच्ची खेलती हुई बाल्टी के पास जा पहुंची। जहां बाल्टी में पानी भड़ी हुई थी। अचानक भरी बाल्टी में बच्ची सर के बल गिर पड़ी। नन्ही सी जान पानी से बाहर निकलने का बहुत प्रयास किया। मगर वह बाहर ना निकल सकी जिससे पानी में दम घुटने से उसकी मौत हो गई। घटना के समय घर में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। बच्ची के पिता सोनू दास भी बाजार कार्य करने गए थे। घटना के घंटों बीत जाने के बाद जब बच्ची की मां अपनी बेटी को खोजने लगी तो उसने देखा कि बच्ची सिर के बल बाल्टी में पड़ी हुई है। बच्ची को बाल्टी से निकालकर तुरंत सदर अस्पताल लाया गया।

### दिनदहाड़े हथियार लहराने वाला अपराधी गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा में हथियार लहराते और लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश करने वाले एक अपराधी को पुलिस ने गुरुवार को धर दबोचा है। मौके पर पुलिस ने आरोपित के पास से एक देशी कट्टा और 2 जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। नवादा की वारिसलीगंज थाना पुलिस ने युवक को थाना क्षेत्र के सोनवर्षा रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के महदीपुर गांव के निवासी नंदू डोम का 21 वर्षीय पुत्र राहुल डोम के रूप में की गई है। बता दें कि अपराधी दिनदहाड़े हथियार लहराते हुए लोगो में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा था लेकिन पुलिस ने अब अपराधी के मंसूबे को नाकाम करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवाओं में सोशल मीडिया पर हथियार लहरा कर समाज में रुतबा दिखाने जैसे गलत सोच पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने सख्त कार्रवाई का ऐलान कर रखा है।

### ट्रांसपोर्ट की आड़ में स्प्रिट तस्करी का खुलासा

**पूर्वी चंपारण।** जिला उत्पाद पुलिस,तुरकौलिया व रक्सौल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में स्प्रिट के साथ पांच तस्कर को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर तुरकौलिया थाना क्षेत्र के शंकर सरैया (बैरिया) चौक के समीप एक पिकअप से एक हजार लीटर स्प्रिट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इससे पूछताछ पर पता चला कि उक्त स्प्रिट वह रक्सौल स्थित आईपी रोडलाइंस नामक ट्रांसपोर्ट से लेकर आ रहा था।जिसकी सूचना पर एसपी स्वर्ण प्रभात ने रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया।

## आईईएम ने आईसीएस के स्टूडेंट्स चैप्टर लॉन्च के साथ एक अनोखा माइलस्टोन स्थापित किया



**कोलकाता। संवाददाता**

इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (आईईएम), कोलकाता ने इंडियन केमिकल सोसाइटी (आईसीएस) का पहला छात्र चैप्टर लॉन्च किया है, जो आईसीएस के 100 साल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय द्वारा स्थापित, आईसीएस का लक्ष्य शिक्षा और नवीन अनुसंधान के माध्यम से रसायन विज्ञान को आगे बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम में आईसीएस के मानद सचिव प्रोफेसर डॉ. सुदीप कुमार दास, पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. दुलाल चंद्र मुखर्जी और कार्यकारी अधिकारी डॉ. राहुल भट्टाचार्य सहित मुख्य अतिथि शामिल हुए, जिन्होंने विज्ञान के भविष्य को आकार देने में अनुसंधान और नवाचार की भूमिका पर जोर दिया। समारोह में छात्रों द्वारा डिजाइन किए गए लोगो का अनावरण शामिल था।

आईईएम के निदेशक प्रो. डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती ने कहा, 'यह अध्याय वैज्ञानिक शिक्षा के प्रति आईईएम की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है और आईसीएस की शताब्दी का जश्न मनाता है, जो रासायनिक विज्ञान में भविष्य की प्रगति के लिए मंच तैयार करता है।'

## हावड़ा में शूटआउट, पार्टी कार्यालय के सामने युवा तृणमूल नेता को मारी गोली

### घायल तृणमूल नेता को एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया



**कोलकाता। संवाददाता**

बदमाशों की गोली में हावड़ा के युवा तृणमूल नेता गंभीर रूप से घायल। बुधवार की रात शिवपुर स्थित तृणमूल कार्यालय के सामने चली गोली। घायल तृणमूल नेता को एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत बेहद नाजुक है। जखम अब्दुल कादिर, हावड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर 31 के युवा तृणमूल नेता। रात करीब साढ़े दस बजे वह शिवपुर स्थित पार्टी कार्यालय के सामने खड़े थे। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि उसी वक्त एक बाइक पर तीन बदमाश आये। युवकों ने तृणमूल नेता पर फायरिंग शुरू कर दी। कम से कम 6 राउंड गोली चले ने का दावा किया गया है। देखते ही देखते युवा तृणमूल नेता लहूलुहान हालत में सड़क पर गिर पड़े। लोग इकट्ठे हो गए। हालात को नाजुक समझते हुए बदमाश तेज रफ्तार में बाइक लेकर इलाके से निकल गए।

स्थानीय लोगों ने तुरंत तृणमूल नेता को बचाया। लहूलुहान हालत में उसे एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। तृणमूल नेता के शरीर पर गोलियों के कई घाव हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि अपराधियों का चेहरा ढका हुआ था। सभी ने हेलमेट पहन रखा था। इसलिए अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवा तृणमूल नेता पर गोली किसने चलाई। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा कर लिए हैं। माना जा रहा है कि इससे अपराधियों की पहचान संभव हो सकेगी। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि घटना के पीछे कोई निजी दुश्मनी है या राजनीतिक साजिश। बहरहाल, रात में हावड़ा में हुई फायरिंग के मामले में सुरक्षा पर स्वाभाविक तौर पर बड़ा सवाल उठा है।

### गृहिणी ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश, तीन गिरफ्तार

कोलकाता। गृहिणी ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास कि। घटना से मैनागुड़ी में सनसनी फैल गयी। शिकायत दर्ज होने के बाद गृहिणी के पति के साथ उनके दोनों भाई को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना पिछले बुधवार रात को मैनागुड़ी के दक्षिण डांगापारा इलाके में हुई। इससे रात में उस इलाके में काफी तनाव पैदा हो गया। फिलहाल गृहिणी का इलाज जलपाईगुड़ी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चल रही है। पता चला है कि साउथ डांगापाड़ा इलाके की महिला की शादी पांच साल पहले बिहार निवासी युवक से हुई थी। आरोपी युवक रणवीर कुमार यादव मैनागुड़ी में एक व्यवसायी के यहां काम करता है। रणवीर काफी समय तक अपने ससुर के घर में ही रहते थे। घर में रोज हंगामा रहता था। कल भी यही सुगबुगाहट चल रही थी। किसी समय यह अपने चरम पर पहुंच जाता है। उस वक्त रणवीर और उनके दोनों भाई मौके पर मौजूद थे। उन्होंने गृहिणी के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार किया। उनकी प्रताड़ना को सहन न कर पाने पर गृहिणी ने उनके सामने ही जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

## मरीज को देखे बिना कैसे पीजीटी? आरजी कर के 'निलंबित' अभिषेक-सौरभ पर सीबीआई की नजर



**कोलकाता। संवाददाता**

आरजी कर कांड की जांच में सीबीआई ज्यादा सक्रिय है। ट्रॉमा केयर की पूर्व प्रभारी वर्तमान नोडल अधिकारी सुजाता घोष से केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ की है। 'निलंबित' 51 लोगों से उलझने बढ़ती जा रही हैं। बताया गया है कि इनमें से दस के पास को लेकर काफी संदेह है।

बुधवार को अपराह्न तीन बजे के करीब चार सदस्यीय सीबीआई प्रतिनिधिमंडल ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा किया। सूत्रों के मुताबिक अभिषेक पांडे केंद्रीय जांच एजेंसी की जांच के घेरे में हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी इस बात से हैरान हैं कि मरीज न देखने, पर्चा न लिखने और बायोमेट्रिक न होने के बावजूद वह पीजीटी कैसे बन गए। माना जा रहा है कि संदीप घोष के 'करीबी' होने के कारण अभिषेक ने यह सिलसिला जारी रखा। रेडियोथेरेपी विभाग के रेजिडेंट डॉक्टर सौरभ पाल की गतिविधियों पर भी सीबीआई की नजर है।

गौरतलब है कि अभया की मौत के बाद आरजी कर द्वारा 'थ्रेट कल्चर' के आरोप सामने आया था। बाद में आरजी कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से 53 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया। नबान्न में मुख्यमंत्री और जूनियर डॉक्टरों के बीच हुई बैठक में यह मुद्दा उठा।

चर्चा के दौरान आरजी कर के प्रिंसिपल मानस बनर्जी से मुख्यमंत्री ने पूछा, आपने प्रशासन को सूचित किए बिना उन्हें निलंबित क्यों किया? आपने कैसे निर्णय लिया? क्या यह थ्रेट कल्चर नहीं है? हमें क्यों नहीं बताया? स्वास्थ्य विभाग को क्यों नहीं बताया? सरकार तो है।" मुख्यमंत्री और डॉक्टरेट छात्रों के बीच विवाद हो गया।

24 घंटे बीतने से पहले, कोलकाता हाई कोर्ट की अवकाश पीठ ने मंगलवार को 53 डॉक्टरों को 'थ्रेट कल्चर' के लिए निलंबित कर दिया। यह स्पष्ट किया गया है कि निलंबन का आदेश फिलहाल प्रभावी नहीं है। वे डॉक्टर अब सीबीआई जांच के घेरे में हैं।

## रविवार को कोलकाता में शाह, आरजी कर के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात कर सकते हैं

**कोलकाता। संवाददाता**

ढाई महीने बीत जाने के बाद भी युवा डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या का गुस्सा शांत नहीं हुआ। देश-विदेश में अभी भी विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं इस दुखद घटना की न्यायिक प्रक्रिया जारी है। सुप्रीम कोर्ट, सियालदह कोर्ट से लेकर सीबीआई की जांच पर सवाल-जवाब जारी है। ऐसे में घटना की अहमियत को समझते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीड़ित परिवार से मिलने में दिलचस्पी जताई है। प्रदेश बीजेपी की ओर से उन्हें एक पत्र भी भेजा गया था। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह अगले रविवार को कोलकाता आ रहे हैं। उस दिन उनका व्यस्त कार्यक्रम है। हालांकि पानीहाटी स्थित घर जाकर डॉक्टर के परिवार से मुलाकात की संभावना है।9 अगस्त को कोलकाता के सरकारी अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात जूनियर डॉक्टर की दुखद मौत के बाद इतना समय बीत जाने के बावजूद, दिल्ली प्रशासन का कोई भी व्यक्ति अभी तक परिवार से नहीं मिला है। हालाँकि, जैसे ही आंदोलन चरम पर आया, राज्य भाजपा के प्रतिनिधि सक्रिय हो गए और शाह से उनके परिवार से मुलाकात की और उन्हें एक 'उपकरण' के रूप में इस्तेमाल किया। सुकांत, सुभेंदु की ओर से उन्हें पत्र भेजकर समय मांगा गया था। पार्टी नेताओं की उनसे किसी सुरक्षित स्थान पर मुलाकात करने की योजना है। खबरें हैं कि रविवार को जब शाह कोलकाता आएंगे तो उन्हें पीड़िता के घर ले जाया जा सकता है। प्रदेश भाजपा सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता हत्याओं के असली दोषी जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में और स्वास्थ्य विभाग में बने कबूतरबाजी के घोंसले को तोड़ने के लिए अपना आंदोलन जारी रखे हुए हैं। ऐसे में अगर अमित शाह जैसे अखिल भारतीय नेता पीड़ित परिवार से मिलें और उनकी न्याय की मांग का समर्थन करें तो यह आंदोलन और मजबूत होगा। इसलिए वे कोलकाता में मिलने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, उस वक्त पीड़ित परिवार की अमित शाह से मुलाकात होगी या नहीं, ये अभी फाइनल नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### केदारनाथ मार्ग में मिला बुजुर्ग महिला का शव

**देहरादून।** रुद्रप्रयाग जनपद के केदारनाथ मार्ग पर चीड़वासा के पास गदेरे से गुरुवार को एसडीआरएफ ने पश्चिम बंगाल की एक बुजुर्ग महिला का शव बरामद किया है। दरअसल, गत 23 अक्टूबर की देर रात पुलिस थाना सोनप्रयाग से एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली थी कि चीड़वासा के पास गदेरे में एक शव दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम मुख्य आरक्षी महेश चंद के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर रात्रि के घने अंधेरे व अत्यधिक विषम परिस्थितियों के बीच गदेरे से महिला के शव को बाहर निकाला और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### पिकअप-ऑटो की टक्कर में श्रमिक की मौत

**मीरजापुर।** श्रमिकों को लेकर जा रही ऑटो बेला जंगल के सहबवा मोड़ पर बुधवार देर शाम को पिकअप से टकरा कर पलट गई। हादसे में चालक समेत सात श्रमिक घायल हो गए। इनमें एक श्रमिक की मौत हो गई। मड़िहान क्षेत्र से सात श्रमिक किराए के ऑटो से मीरजापुर जा रहे थे। बेला जंगल में सहबवा मोड़ के पास ऑटो तेज रफ्तार पिकअप से टकरा गई और ढलान पर पलटने से उसमें सवार श्रमिक जमीन पर गिर गए। चीख पुकार मचने पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी मड़िहान पहुंचाया।

### अनियंत्रित कार पलटने से एक युवक की मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार भोर में अचानक एक कार हैंड ब्रेक लगाने के कारण अनियंत्रित होकर मोटर साइकिल एवं मंदिर में टकराते हुए पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में ले गई। जहां से एक की हालत नाजुक होने की वजह एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में कल्याणपुर के लक्ष्मी अस्पताल के पीछे रहने वाले अभिषेक सेंगर (28) की मौत हो गई। जबकि हादसे में गंभीर रूप से घायल कुंवर नाहर पुत्र बृजेन्द्र सिंह सेंगर को रिजेन्सी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अवैध पटाखों सहित तीन व्यक्ति गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने तीन आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार करके भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रदीप, राजुदेव और विनोद कुमार का नाम शामिल है। प्रदीप एनआईटी फरीदाबाद, राजुदेव बसंतपुर कालोनी तथा विनोद कुमार रोशन नगर फरीदाबाद का रहने वाला है।

### पुलवामा में आतंकियों ने युवक को गोली मारी

**पुलवामा।** पुलवामा जिला स्थित त्राल के बटागुंड गांव में गुरुवार सुबह आतंकियों ने एक 19 वर्षीय गैर-स्थानीय युवक को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि युवक के हाथ में गोली लगी है। उसे त्राल के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी शुभम कुमार (19) पुत्र प्रीतांबर सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने मौके पर पहुंच कर इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, एक घायल

**जम्मू।** पुंछ के कनकोट इलाके में आज एक ट्रैक्टर हादसे में एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई जब एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायल को तत्काल जिला अस्पताल पुंछ पंहुचाया गया है जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार मृतक कनकोट का रहने वाला है जबकि घायल कसबा का रहने वाला है और उसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। वहीं अस्पताल प्रशासन ने बताया की घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके बाद ही घायल को रेफर करने से संबंधित फैसला लिया जाएगा। उन्होंने सभी वालंटीयर्स युवकों से घायल युवक के लिए रक्तदान करने की अपील की है।

### सुरक्षा बलों ने नौ आतंकवादियों को मार गिराया



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने लंबे समय से अशांत खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले में आधी रात बाद एक खुफिया अभियान में दो आत्मघाती हमलावरों और एक रिंग लीडर सहित नौ आतंकवादियों (खवारिज) को मार गिराया। जियो न्यूज की खबर के अनुसार इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने आज यह जानकारी दी। आईएसपीआर के बयान के अनुसार, सैनिकों के साथ भीषण गोलीबारी के बाद आतंकवादी गिरोह का नेता सईद मुहम्मद उर्फ कुरैशी उस्ताद भी मारा गया। सुरक्षा बलों को यह कामयाबी 23 और 24 अक्टूबर की रात मिली। इस दौरान सुरक्षा बलों ने मौके से बड़ी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए हैं। पिछले हफ्ते बलूचिस्तान के पोशिन जिले में पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रांत के झोब जिले में दो आतंकवादी मारे गए।

# दुनिया को पोलियो मुक्त करने में रोटरी क्लब का सबसे बड़ा योगदान : मोहित

● भारत में पोलियो का एक भी केस नहीं : रोटरी क्लब




**हिसार। एजेंसी**

रोटरी क्लब हिसार ने 'वर्ल्ड पोलियो-डे' हर्षोल्लास के साथ एक महोत्सव के रूप में मनाने का फैसला लिया है। रोटरी के प्रधान मोहित गुप्ता व पदाधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में भारत आज के दिन पोलियो का पूरे हिंदुस्तान में कोई भी केस नहीं है। रोटरी क्लब के प्रधान मोहित गुप्ता व रोटरी सदस्यों ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पूरी दुनिया को पोलियो मुक्त करने में रोटरी क्लब का सबसे बड़ा योगदान है क्योंकि सभी देशों में पोलियो की दवा रोटरी क्लब द्वारा ही भिजवाई जाती है। इस अवसर पर मौजूद डिप्टी सीएमओ विकास पुरी ने कहा कि हालांकि हमारा देश पोलियो से पूरी तरह से मुक्त हो चुका है फिर भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना बेहद जरूरी है। इसलिए जब भी पोलियो की दवा पिलाई जाए बच्चों को अनिवार्य रूप से यह दवा पिलानी चाहिए।

मोहित गुप्ता ने बताया की रोटरी क्लब ने विश्व स्तर पर पोलियो खत्म करने के लिए अभियान चलाया है। कई दशकों से रोटरी क्लब स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर पोलियो-डे पर अपनी सेवाएं उपलब्ध करवाता रहा है जिसका नतीजा यह हुआ कि पूरे भारत में कहीं भी कोई पोलियो का केस नहीं बचा है।

प्रधान मोहित गुप्ता ने बताया की रोटरी क्लब पिछले 54 वर्षों से जनहित व सामाजिक कार्य बड़े लगन से कर रही है। पोलियो अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ-साथ अन्य सामाजिक गतिविधियों में रोटरी क्लब अग्रणीय रहता है। इसमें कहीं जरूरतमंद बच्चों के लिए स्टेशनरी, गर्म जर्सी, जूते व जरूरतमंदों के लिए समय-समय पर भंडारा लगाना, जिला प्रशासन के साथ मिलकर समय-समय पर रिक्त स्थानों पर वृक्षारोपण करना निशुल्क मेडिकल कैंप लगाना, अंग हीन व्यक्तियों के लिए कृत्रिम अंग भेंट करना व ई-रिक्शा भेंट करना, जरूरतमंदों के लिए मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाना आदि भी शामिल हैं जिसका खर्च रोटरी क्लब वहन करता है। इसी के साथ अन्य अनेकों ऐसे सामाजिक कार्य हैं जो रोटरी क्लब समय-समय पर करता रहता है। इस अवसर पर प्रधान मोहित गुप्ता के अलावा, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. विकास पुरी, संदीप राठी, संजय डालमिया व मनोज लोहिया आदि मौजूद रहे।

# शिमला पुलिस के हत्थे चढ़े दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर

**शिमला। एजेंसी**



मादक पदार्थों के तस्करी को रोकने के खिलाफ चल रहे अभियान में शिमला जिला पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस के विशेष दस्ते ने रोहड़ू उपमण्डल में दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में चरस पकड़ी गई है। दोनों तस्करों को चिडगांव थाना क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया है। बुधवार की शाम विशेष दल गोसांगो पुल के पास जिजेंडी केंची में गश्त पर था, तभी संदिग्ध अवस्था में पाए जाने पर दो युवकों की तलाशी ली गई। इनके पास 5.530 किलोग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान सोहन दास (57) और राजमोहन (34) के रूप में हुई है। एसपी शिमला संजीव गांधी ने गुरूवार को बताया कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी चिडगांव में हुई है। उक्त आरोपी उतराखण्ड के उत्तरकाशी जिला के रहने वाले हैं और अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का हिस्सा हैं। इनके खिलाफ चिडगांव थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस इनके बारे में जांच करने में जुटी है।

**रोहड़ू में शाही महात्मा ड्रग गैंग का पदार्फाश कर चुकी है पुलिस**

अप्पर शिमला में बढ़ते ड्रग तस्करी के कारोबार को रोकने के लिए पुलिस लगातार शिकंजा कस रही है। हाल ही में पुलिस ने शाही महात्मा की अंतरराज्यीय ड्रग गैंग का पदार्फाश किया है। इस गैंग को रोहड़ू निवासी शाही महात्मा उर्फ शशि नेगी चलता था। पुलिस उसे गिरफ्तार कर चुकी है। गैंग के लगभग दो दर्जन तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया है। शशि नेगी पेशे से बागवान है और इसकी आढ़ में चिट्टा तस्करी को अंजाम दे रहा है।

# भारत पर झूठा आरोप मढ़कर मुसीबत में फंसे कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो

**ओटावा। एजेंसी**



भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का झूठा आरोप मढ़कर विवादों में घिरे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को अब अपनी ही पार्टी 'लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा' के सांसदों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को पार्टी सांसदों की बंद कमरे में हुई बैठक में जस्टिन ट्रूडो के लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा नेता के रूप में इस्तीफे की मांग उठी। इस बैठक में ट्रूडो भी मौजूद रहे। कनाडा के अंग्रेजी समाचार पत्र नेशनल पोस्ट की खबर के अनुसार, बैठक शुरू होते ही सभी के बीच एक पत्र बांटा गया। इसमें जस्टिन ट्रूडो से शीघ्र पद छोड़ने और नए नेतृत्व की प्रक्रिया शुरू करने का आह्वान किया गया। इसकी दो सांसदों ने पुष्टि भी की। हालांकि बैठक में ट्रूडो की उपलब्धियों की प्रशंसा भी कई। मगर कहा गया कि यह मांग मजबूरी में की गई है। वह पद छोड़ने के आह्वान पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दें। इस पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करने वाले एक सांसद ने कहा मुझे नहीं लगता कि उनमें ऐसा करने की हिम्मत है। वे मजबूत इरादे वाले हैं।

अखबार ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि ट्रूडो बैठक के दौरान कम ही बोले। बैठक के बाद कमरे से बाहर निकलते ही उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी मजबूत और एकजुट है। बैठक से बाहर आए कई सांसदों ने कहा कि रचनात्मक चर्चा की गई। वह इस बारे में अधिक विवरण साझा नहीं करेंगे। नेशनल पोस्ट की खबर के अनुसार, न्यू ब्रंसविक सांसद वेन लॉन्ग ने खुलेतौर पर प्रधानमंत्री से इस्तीफा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बैठक में अच्छी चर्चा हुई। उन्होंने कहा मैंने नौ वर्षों में ट्रूडो की पार्टी संसदों के बीच ईमानदार, स्पष्ट और सीधी मुलाकात नहीं देखी है। लॉन्ग ने कहा कि बैठक का विवरण इससे ज्यादा साझा करना उनके लिए मुश्किल है। वह गोपनीयता का सम्मान करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री ट्रूडो बैठक में उठी मांग पर विचार करेंगे। लॉन्ग ने कहा कि कनाडा की भलाई के लिए प्रधानमंत्री ट्रूडो को जाना ही होगा। यह बैठक पार्लियामेंट हिल पर हुई। परंपरा है कि यहां पर होने वाली बैठकों का विवरण सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया जाता।

## नेपाल को आपदा प्रबंधन के लिए विश्व बैंक देगा 150 मिलियन डॉलर का सहयोग

**काठमांडू। एजेंसी**



सितंबर के अंतिम सप्ताह में नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से हुए भारी तबाही से उबरने के लिए विश्व बैंक ने नेपाल को 150 मिलियन डॉलर का आर्थिक सहयोग देने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इससे नेपाल में प्राकृतिक आपदा से बर्बाद भौतिक संरचना के पुनर्निर्माण में खर्च किया जाएगा। विश्व बैंक और अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष के वार्षिक अंतराष्ट्रीय बैठक में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे नेपाल के वित्त मंत्री विष्णु पौडेल की उपस्थिति में नेपाल के वित्त सचिव डॉ. राम प्रसाद घिमिरे और विश्व बैंक के दक्षिण एशिया कंट्री डायरेक्टर डेविड सीसलॉन ने बुधवार की शाम एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि विश्व बैंक की ओर से नेपाल को सहूलियत ऋण के रूप में 150 मिलियन डॉलर की सहायता दी जाएगी। बयान के मुताबिक यह सहायता नेपाल के हाल ही में आए प्राकृतिक आपदा से तबाह हुए भौतिक संरचना के पुनर्निर्माण के साथ ही प्रभावित लोगों के पुनर्वास में खर्च किया जाएगा।

विश्व बैंक, अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष और एशियाई विकास बैंक के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान नेपाल के वित्त मंत्री पौडेल ने देश की शिक्षा, रोजगार, यातायात, ऊर्जा सहित भौतिक संरचना एवं सामाजिक क्षेत्र के विकास के लिए दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए आने वाले दिनों में इस सहयोग की निरंतरता के लिए आग्रह भी किया।

### पुलिस मुठभेड़ में मादक पदार्थों के दो तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़। पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे मुठभेड़ में मादक पदार्थों के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर घायल हो गया जबकि दूसरे को मामूली चोटें आई हैं। फिलहाल दोनों को अमृतसर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमृतसर पुलिस के अनुसार पुलिस पिछले तीन दिनों से इन तस्करों का पता लगा रही थी। रात को सूचना मिली कि आरोपित तरनतारन रोड स्थित पार्क के आसपास देखे गए हैं। उसके बाद पुलिस टीमों ने प्लानिंग के साथ कार्रवाई शुरू कर दी थी। गुरुवार की अल सुबह अमृतसर के तरनतारन रोड स्थित एक पार्क में इनके छिपे होने की सूचना पर पुलिस ने पार्क को घेर लिया। तस्करों ने रात में पुलिस की गाड़ियां देख फायरिंग शुरू कर दी। गोलियां पुलिस की गाड़ियों पर लगी। जिसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान एक तस्कर की जांघ में गोली लगी जबकि दूसरे को भागते हुए पकड़ लिया।**

**तुर्किये ने अंकारा में हुए हमले का लिया बदला**

## उत्तरी इराक और सीरिया में आतंकी समूहों के ठिकानों पर हवाई हमला

**अंकारा। एजेंसी**



तुर्किये ने राजधानी अंकारा में घातक आतंकी हमले के बाद उत्तरी इराक और सीरिया में हवाई हमला कर आतंकवादी समूहों के ठिकानों को निशाना बनाया। तुर्किये के समाचार पत्र डेली सबाह की खबर में यह जानकारी दी गई। तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार को अंकारा में तुर्किये एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज पर आतंकवादी हमले के कुछ समय बाद उत्तरी इराक और सीरिया के आतंकवादी समूह कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) और पीपुल्स डिफेंस यूनिट्स (वाईपीजी) के खिलाफ बड़ी हवाई कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि अंकारा में हुए आतंकी हमले में पांच लोगों की जान गई और 22 अन्य लोग घायल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि सशस्त्र आतंकवादी समूह कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्वी तुर्किये और उत्तरी इराक के पहाड़ी कुर्द-बहुल क्षेत्रों में सक्रिय है। दूसरा आतंकवादी समूह पीपुल्स डिफेंस यूनिट्स (वाईपीजी) सीरिया में सक्रिय है। इसे पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स के नाम से भी जाना जाता है।

तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तुर्किये के जेट विमानों ने हवाई हमले में 32 लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। एयर स्ट्राइक जारी रहेगी। सनद रहे आतंकवादियों ने बुधवार दोपहर राजधानी अंकारा में तुर्किये एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज पर हमला कर दुनिया को दहला दिया।

### लीकेज से गैस की पाइपलाइन में लगी आग

**फरीदाबाद। बीपीटीपी थाना क्षेत्र के सेक्टर 83 एम ब्लॉक के पास बुधवार देर रात अडाणी ग्रुप की गैस पाइपलाइन में अचानक आग लग गई। वहां से निकलने वाले राहगीरों ने डायल 112 पर कॉल करके इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग को बुझाया। बीपीटीपी थाना के प्रभारी पूनम हुड्डा ने बताया कि करीब रात 10 बजे ईआरवी की टीम ने थाने में अडाणी गैस पाइपलाइन में आग लगने की सूचना दी। थाने से दो मुलाजिमों को मौके पर भेज, साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया गया। दोनों मुलाजिमों ने मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने साथ आग बुझाने लग गए। उन्होंने बताया इसमें किसी के जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। गैस लाइन की पाइप लीक हो रही थी, लीकेज में आग कैसे लगी यह किसी को नहीं पता। आग बुझने के बाद अडाणी ऑफिस में सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे अदानी कंपनी की तरफ से सुपरवाइजर ने अपने कर्मचारियों के साथ लीकेज को बंद कर दिया अब हालात सामान्य है।**

# मौसम आधारित गेहूं की खेती करने से कम लागत में होगा बंपर उत्पादन: सुनील

**कानपुर। एजेंसी**



गेहूं की अगेती बुआई लिए नवंबर के पहले सप्ताह से 25 नवंबर तक सबसे उपयुक्त समय है। इस समय की गई गेहूं की बुवाई में किसानों को कम लागत में अच्छा उत्पादन मिल जाता है। यदि किसान गेहूं की बुवाई सही समय पर कर लेंगे तो कम लागत में अच्छा मुनाफा मिल सकता है। यह जानकारी गुरुवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एन.सुनील पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि किसान भाइयों को सबसे पहले यह जानना आवश्यक है कि गेंहू की बुआई कैसे करनी चाहिए। जिससे उन्हें कम लागत के साथ समय की भी बचत होगी। इसके अतिरिक्त स्वस्थ फसल के लिए बीज उपचार करने के बाद ही गेहूं की बुवाई करें।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. पांडेय ने बताया कि धान की कटाई के बाद पराली को कल्चर की मदद से महीन-महीन टुकड़ों में कुतर दें। उसके बाद एमबी प्लाऊ से खेत की गहरी जुताई करें, जिससे 9 से 10 इंच तक गहरी जुताई हो जाती है। उसके बाद एक से दो बार इसका डिस्क और फिर कल्टीवेटर से जुताई कर खेत में पानी भर दें। कुछ ही दिनों में खेत जुताई के लिए फिर तैयार हो जाएगा। उसके बाद डिस्क हैरो और कल्टीवेटर से खेत की जुताई करें, जिससे मिट्टी में वायु संचार बेहतर होगा और मिट्टी भुरभुरी हो जाएगी। फिर खेत में लेजर लेवलर चलाकर खेत को समतल कर लें। जिससे कि जल निकासी बेहतर हो जाए, उसके बाद गेहूं की फसल की बुवाई की जा सकती है।

गेहूं की अगेती किस्म की बुवाई के लिए नवंबर के पहले सप्ताह से लेकर से 25 नवंबर तक बेहद ही उपयुक्त समय माना जाता है। इस समय की गई गेहूं की बुवाई में किसानों को कम लागत में अच्छा उत्पादन मिल जाता है। गेहूं की बुवाई करते वक्त किसान फसल अवशेष पराली का बेहतर निस्तारण कर लें। किसान आधुनिक कृषि यंत्र सुपर सीडर या हैप्पी सीडर से भी गेहूं की बुवाई कर सकते हैं।

**प्रतियोगिता** राज्य संगीत नाटक अकादमी के तत्वावधान में दो दिवसीय संगीत की सम्भागीय प्रतियोगिता का समापन

# हमारी संस्कृति का सजग प्रहरी है भारतीय संगीत: उर्मिला श्रीवास्तव

● संगीत कला मानवीय भावों की हृदयस्पर्शी अभिव्यक्ति है

● हमें विरासत के रूप में अपने पूर्वजों से प्राप्त हुई है



**मीरजापुर। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्रालय के प्रमुख आयाम राज्य संगीत नाटक अकादमी के तत्वावधान में नगर के एक स्कूल के सभागार में दो दिवसीय संगीत की सम्भागीय प्रतियोगिता का समापन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करने के साथ हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव ने कहा कि संगीत कला मानवीय भावों की हृदयस्पर्शी अभिव्यक्ति है। यह हमारी अमूल्य धरोहर है, जो हमें विरासत के रूप में अपने पूर्वजों से प्राप्त हुई है। भारत आदिकाल से ही अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता एवं परंपराओं के कारण विश्व पटल पर विशेष पहचान बनाए हुए है।

देश में संस्कृति की मुख्य धरोहर शास्त्रीय संगीत ही है। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय संगीत हमारे शास्त्रों से निकली ताल है। जो कि भारतीय संस्कृति की पहचान है। इसको जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। सरकार भी शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया व नगरपालिका मीरजापुर अध्यक्ष श्यामसुन्दर केशरी ने कहा कि शास्त्रीय संगीत से भाईचारे को भी बढ़ावा मिलता है। संगीत और संस्कृति का संरक्षण आज की जरूरत है। भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए भारतीय संगीत का संरक्षण बहुत जरूरी है। विद्यालय स्तर से बच्चों को संस्कृति से जुड़े विषय पाठ्यक्रम में अनिवार्यता के साथ पढ़ाए जाने चाहिए। सरकार संगीत विधा को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम की सम्भागीय संयोजिका पूजा केशरी ने कहा कि वैदिक काल में संगीत के सात स्वरों का आविष्कार हो चुका था। भारतीय महाकाव्य रामायण तथा महाभारत की रचना में भी संगीत का मुख्य प्रभाव रहा।

भारत में सांस्कृतिक काल से लेकर आधुनिक युग तक आते-आते संगीत की शैली एवं प्रकृति में अत्यधिक परिवर्तन हुआ। भारतीय संगीत के इतिहास के महान संगीतकारों जैसे कि तानसेन, स्वामी हरिदास, अमीर खुसरो आदि ने संगीत की उन्नति एवं विकास के लिए अत्यधिक योगदान दिया। वर्तमान में शास्त्रीय की विभिन्न शैलियां प्रचलित हैं। शास्त्रीय तथा उपशास्त्रीय संगीत के अंतर्गत भारत में ख्याल, ध्रुपद, धमार, चतुरंग, तराना, ठुमरी, दादरा इत्यादि गायन शैलियां प्रचलित हैं।

भारतीय संगीत एवं संस्कृति की इस धरोहर के उत्थान एवं संरक्षण के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। अकादमी की ओर से अतिथियों का स्वागत विभाग संयोजिका पूजा केशरी ने बुके व गीता की पुस्तिका दे कर किया। साथ ही विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। सम्भाग में बाल, किशोर व युवा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों को लखनऊ की प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिला।

# भ्रूण के लिंग परीक्षण पर कड़ी सजा का प्रावधान : असलम

**हमीरपुर। एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सुजानपुर के सहयोग से मिनी सचिवालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के सचिव एवं सीनियर सिविल जज असलम बेग ने की। इस कार्यक्रम में असलम बेग ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, पर्यवेक्षकों और अन्य प्रतिभागियों को भ्रूण के लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए बनाए गए पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट-1994 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला के भ्रूण के लिंग का परीक्षण कानूनन अपराध है और इसे रोकने के लिए इस एक्ट में कड़े प्रावधान किए गए हैं।

उल्लंघन करने पर सजा का प्रावधान है, जिसमें अल्ट्रासाउंड मशीनों के लिए सख्त नियम लागू हैं। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) की मुफ्त कानूनी सहायता योजना और अन्य योजनाओं की जानकारी भी साझा की। नालसा मोबाइल ऐप और हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने अदालतों में लंबित मामलों का मध्यस्थता और राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित निपटारा करवाने की सलाह दी।

## संक्षिप्त खबरें

### खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया भारतीय टीम के लिए फिटनेस और प्रशिक्षण शिविर लगाएगी



**नई दिल्ली।** 13 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक खेले जाने वाले पहले खो-खो वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया भारतीय टीम का आठ दिसम्बर से एक माह का फिटनेस और प्रशिक्षण शिविर लगाएगी। भारत के प्राचीनतम खेलों में से एक खो-खो के इस विश्व कप का उद्घाटन नई दिल्ली में होगा। आयोजन में छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे, जिनमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें शामिल होंगी। अन्तर्राष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया की इंदिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किये जाने बाले इस कैंप के माध्यम से खिलाडियों में टीम भावना भरने के साथ खिलाड़ियों की शारीरिक और मानसिक क्षमता को बढ़ाने पर फोकस किया जायेगा ताकि बह अन्तराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया की इस प्री सीजन फिटनेस और फील्डिंग ट्रेनिंग कैंप में खिलाडियों के फिटनेस स्तर, स्फूर्ति, नेतृत्व ,रणनीतिक सोच, तथा खेल के मैदान में बेहतर प्रदर्शन के लिए व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ताकि वह विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया की महिला और पुरुष प्रतेयक टीम के साठ-साठ खिलाडियों को विश्व कप की प्रतिस्पर्धा के विभिन्न पहलुओं के बारे में इस कैंप में गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### ग्लोबल सुपर लीगः अमेजन वॉरियर्स, कलंदर्स, हैम्पशायर, रंगपुर और विक्टोरिया लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** ग्लोबल सुपर लीग के उद्घाटन मैच में कैरेबियन प्रीमियर लीग की टीम गुयाना अमेजन वॉरियर्स का मुकाबला पाकिस्तान सुपर लीग की टीम लाहौर कलंदर्स से होगा। पांच टीमों की टी20 प्रतियोगिता में हैम्पशायर हॉक्स (टी20 ब्लास्ट), रंगपुर राइडर्स (बीपीएल) और विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया स्टेट टीम) भी शामिल होंगे। 26 नवंबर से शुरू होने वाले फाइनल सहित ग्यारह मैच कई दिनों में खेले जाएंगे, जिसमें प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार खेलेगी, उसके बाद शीर्ष दो टीमें 7 दिसंबर को फाइनल में पहुंचेंगी। इस वार्षिक आयोजन में हर साल दुनिया भर की अलग-अलग टीमें हिस्सा लेंगी। सभी खेलों का आयोजन स्थल प्रोविडेंस, गुयाना होगा। हैम्पशायर में पुरुष क्रिकेट के निदेशक जाइल्स व्हाइट ने कहा कि यह लीग गुयाना की एक वैश्विक खेल गंतव्य बनने की महत्वाकांक्षा को दशार्ती है।

### मेजर लीग बेसबॉल के रियलिटी स्पोर्ट्स सीरीज का हिस्सा बने शिखर धवन

**नई दिल्ली।** मेजर लीग बेसबॉल (एमएलबी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन को भारत में खेल के विकास को दशार्ने वाली एक रियलिटी स्पोर्ट्स सीरीज का हिस्सा बनने के लिए चुना है। यह सीरीज 25 अक्टूबर, 2024 को लॉन्च होगी। चार-एपिसोड की इस सीरीज में धवन, 5 बार ऑल-स्टार स्लगर एडम जोन्स और खेल प्रस्तोता जतिन सप्रू शामिल हैं। यह सीरीज डिज्नी स्टार के सहयोग से बनाई गई है, जिसका शीर्षक 'हॉटशॉट्स' है। 'हॉटशॉट्स' देश के 10 सर्वश्रेष्ठ शौकिया बल्लेबाजों की हिटिंग क्षमता का परीक्षण करता है, जिसमें विजेता को 15 लाख रुपये का शीर्ष पुरस्कार दिया जाता है। शिखर और एडम इन प्रतियोगियों को कोचिंग देंगे।

# न्यूजीलैंड की पहली पारी 259 रन पर सिमटी,वाशिंगटन सुंदर ने झटके 7 विकेट

- कॉनवे ने 141 गेंदों पर 11 चौकों की बदौलत 76 रन बनाए

**पुणे। एजेंसी**



न्यूजीलैंड ने यहां महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में 259 रन बनाए, न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे (76) ओर रचिन रवींद्र (65) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि भारत के लिए वाशिंगटन सुंदर ने सात विकेट लिए। इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने न्यूजीलैंड को सधी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। रविचंद्रन अश्विन ने इसी स्कोर पर लैथम को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। लैथमने 15 रन बनाए। अश्विन ने 76 के कुल स्कोर पर विल यंग को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। यंग ने 18 रन बनाए। इसके बाद कॉनवे और रचिन रवींद्र ने तीसरे विकेट के लिए 62 रनों की साझेदारी की। इस दौरान कॉनवे ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 138 के कुल स्कोर पर कॉनवे को अश्विन ने आउट कर भारत को तीसरी सफलता सफलता दिलाई। कॉनवे ने 141 गेंदों पर 11 चौकों की बदौलत 76 रन बनाए।

यहां से वाशिंगटन सुंदर ने अपना जादू चलाया और कीवी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर जमकर नचाया। उन्होंने 197 के स्कोर पर रचिन रवींद्र को आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। रवींद्र ने 65 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद सुंदर ने एक के बाद एक कीवी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजना शुरू किया और अंत में मिचेल सेंटनर (33) को 259 के कुल स्कोर पर बोल्ड कर न्यूजीलैंड की पारी समाप्त की। संदर ने 23.1 ओवर में 59 रन देकर 7 विकेट लिये, जबकि रविचंद्रन ने 3 विकेट लिए।

**भारत ने इस मैच में किये तीन बदलाव**

इसके पहले भारत ने इस मैच के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव किये, केएल राहुल, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को बाहर कर दिया गया और शुभमन गिल वाशिंगटन सुंदर और आकाशदीप को शामिल किया गया। जबकि न्यूजीलैंड ने भी अपनी टीम में एक बदलाव किया। तेज गेंदबाज मैट हेनरी की जगह स्पिनर मिचेल सैंटनर को टीम में शामिल किया।

## अश्विन टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज नाथन लियोन को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने यह उपलब्धि पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान हासिल की। पहली पारी में खेल के दौरान, अश्विन ने अब तक 19 ओवर में 2.50 की इकॉनमी रेट से 48 रन देकर तीन विकेट लिए हैं।

2019 में लीग प्रारूप में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से अब तक 39 मैचों में, अश्विन ने 20.71 की औसत से 189 विकेट लिए हैं, जिसमें 7/71 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। उन्होंने प्रतियोगिता में नौ बार चार विकेट और 11 बार पांच विकेट लिए हैं। 2019-21 और 2021-23 चक्रों में, अश्विन 14 मैचों में 71 विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज और 13 मैचों में 61 विकेट लेकर चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने लियोन 20 मैचों में 88 विकेट लेकर शीर्ष पर रहे। प्रतियोगिता के मौजूदा 2023-25 चक्र में, अश्विन 12 मैचों में 57 विकेट लेकर फिर से शीर्ष पर हैं। दूसरी ओर, लियोन ने 43 मैचों में 26.70 की औसत से 187 विकेट लिए हैं, जिसमें 8/64 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। उन्होंने चैंपियनशिप के इतिहास में 11 बार चार विकेट और 10 बार पांच विकेट लिए हैं। अश्विन ने लियोन (129 मैचों में 530 विकेट) को ऑल-टाइम टेस्ट क्रिकेट सूची में पीछे छोड़ दिया और इस प्रारूप में सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।

## नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली। एजेंसी**



सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने आगामी पेरिस मास्टर्स टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की है। बुधवार को इंस्टाग्राम पर जोकोविच ने लिखा दुर्भाग्य से मैं इस साल पेरिस मास्टर्स टूर्नामेंट नहीं खेल पाऊंगा। उन सभी से माफी चाहता हूं जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। सभी खिलाड़ियों, प्रायोजकों, आयोजकों और प्रशंसकों को शानदार टूर्नामेंट की शुभकामनाएं। वहां सात खिताब जीतने की मेरी कई शानदार यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल मैं फिर से आपके साथ रहूंगा। उल्लेखनीय है कि जोकोविच ने पेरिस-बर्सी में अपने रिकॉर्ड-तोड़ 40 एटीपी मास्टर्स 1000 खिताबों में से सात जीते हैं। टूर्नामेंट में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 50-9 का है और उन्होंने प्रतियोगिता में अपने पिछले 19 मैचों में से 18 जीते हैं।

37 वर्षीय खिलाड़ी का इस सीजन में जीत-हार का रिकॉर्ड 37-9 है और उनके करियर का सबसे शानदार पल इस साल पेरिस में आया, जब उन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्काराज को हराया। जोकोविच वर्तमान में एटीपी लाइव टू ट्यूरिन रैंकिंग में छठे नंबर पर हैं और सीजन के अंत में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल कर सकते हैं। इससे पहले अक्टूबर में, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर ने शंघाई मास्टर्स में जोकोविच को हराकर 2024 का अपना सातवां खिताब हासिल किया था। सिनर ने 7-6(4), 6-3 से जीत हासिल की, और 2016 में एंडी मरे के बाद एक ही कैलेंडर वर्ष में छह से अधिक खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

## पाकिस्तानी टेस्ट टीम से बाहर हुए मीर हमजा, पुनर्वास के लिए गए कराची

**रावलपिंडी। एजेंसी**



पाकिस्तान ने तेज गेंदबाज मीर हमजा को टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया है ताकि वह कराची में अपने रिहैबिलिटेशन पर काम कर सकें। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रावलपिंडी में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीसरे और निर्णायक टेस्ट के पहले दिन इस बात की घोषणा की। 32 वर्षीय इस खिलाड़ी को अपने दाहिने ग्लूट में कुछ परेशानी थी। तीसरे टेस्ट से पहले उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी सत्र में ट्रेनिंग या गेंदबाजी नहीं की और मंगलवार को उन्हें पाकिस्तान टीम के फिजियोथेरेपिस्ट के साथ बैंड रिहैबिलिटेशन एक्सरसाइज करते देखा गया।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को पहले और आखिरी दो टेस्ट के लिए घोषित टीम में शामिल किया गया था। लेकिन, पूरी सीरीज के दौरान उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। उन्होंने आखिरी बार पाकिस्तान के लिए रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खेला था। उन्होंने 42.08 की औसत से इतनी ही पारियों में 12 विकेट लिए हैं। नसीम शाह, शाहीन अफरीदी और आमिर जमाल जैसे तीन तेज गेंदबाजों को खिलाने के बाद, पाकिस्तान ने अपने स्पिनरों के अनुकूल परिस्थितियों को तैयार करने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टेस्ट में तीन विशेषज्ञ स्पिनर और जमाल के रूप में एक अकेले तेज गेंदबाज को मैदान में उतारा।

## विश्वजीत ने ग्रीको रोमन स्पर्धा में जीता कांस्य

**नई दिल्ली। एजेंसी**



विश्वजीत मोरे ने बुधवार को अल्बानिया के तिराना में अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों के 55 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में कांस्य जीतकर भारत के लिए पहला पदक हासिल किया। उन्होंने रोमांचक मुकाबले में एडम उल्बाशेव को 14-10 के स्कोर से हराया। यह उपलब्धि इस चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। अली अब्दुल्ला अहमदी वाफा ने रशद मम्मादोव को 11-3 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोहेल यामागीवा ने मोरे के साथ कांस्य पदक साझा किया। मोरे शुरूआती बढ़त के बावजूद सेमीफाइनल में वाफा से 5-14 से हार गए थे। इससे पहले, अंजली ने महिलाओं की 59 किग्रा श्रेणी में इटली की ऑरोरा रूसो के खिलाफ 4-0 के स्कोर के साथ जीत हासिल करके फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अंजली का सामना यूक्रेन की सोलिमिया विन्निक से होगा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने लिया संन्यास

- रानी रामपाल ने 254 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और कुल 205 गोल किए
- भारतीय हॉकी में उनका योगदान बहुत बड़ा है

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा की, जिससे उनका 16 साल का शानदार करियर समाप्त हो गया। टोक्यो ओलंपिक में भारत को ऐतिहासिक चौथे स्थान पर पहुंचाने वाली रानी आगामी महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच होंगी, जिसका आगाज इस साल के अंत में होगा। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा यह एक शानदार यात्रा रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मैंने बचपन से बहुत गरीबी देखी है, लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने, देश का प्रतिनिधित्व करने पर था।

टोक्यो ओलंपिक के बाद हैमस्ट्रिंग की चोट से मजबूत वापसी करने के बावजूद, रानी पूर्व कोच जेनेके शोपमैन के पक्ष में नहीं थीं और राष्ट्रीय टीम के लिए ज्यादा खेल नहीं पाईं। उन्हें हाल ही में सब-जूनियर महिला खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय कोच के रूप में शामिल किया गया था।

रानी रामपाल ने 254 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और कुल 205 गोल किए। भारतीय हॉकी में उनका योगदान बहुत बड़ा है, उन्होंने 2008 में सिर्फ 14 साल की उम्र में अपना पहला मैच खेला था।







## मजबूत लिस्टिंग से फ्रेशर एग्रो के निवेशक हुए गदगद

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में सिर्फ एक कंपनी ने ही लिस्टिंग के जरिये अपनी जगह बनाई। कृषि उत्पादों का निर्यात करने वाली कंपनी फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स ने घरेलू शेयर बाजार में एंट्री की। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 16.38 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए। हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स के शेयरों में गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इस शेयर ने रिकवर भी कर लिया। आईपीओ के तहत फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स के शेयर 116 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 135 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये शेयर लुढ़क कर 128.25 रुपये के स्तर पर आ गया लेकिन इस गिरावट के बाद एक बार फिर निवेशकों ने खरीदारी का जोर बना दिया, जिससे इस शेयर की रफ्तार में तेजी आने लगी। दोपहर 12 बजे फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स का शेयर 18.95 रुपये यानी 16.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 134.95 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स का 75.39 करोड रुपये का आईपीओ 17 से 21 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था।

## उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में मामूली बढ़त सेंसेक्स और निफ्टी ने निचले स्तर से की रिकवरी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। कारोबार की मिली-जुली शुरुआत हुई थी।

सेंसेक्स मामूली तेजी के साथ खुला था, वहीं निफ्टी ने मामूली कमजोरी के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से दोनों सूचकांक में बड़ी गिरावट आई, लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण इन दोनों सूचकांकों ने रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ग्रासिम इंडस्ट्रीज 1.93 प्रतिशत, कोल इंडिया 1.82 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 1.39 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 1.23 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर यूनिलीवर 5.61 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 5.15 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 4.60 प्रतिशत, नेस्ले 1.99 प्रतिशत और भारती एयरटेल 1.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,326 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 925 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,401 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 15 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से लगातार तीसरे दिन कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी कमजोरी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान निराशा का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 400 अंक की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.92 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,797.42 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 296.47 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 18,276.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 42,440.71 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

## दिवाली के पहले सर्राफा बाजार की तेजी से छोटे कस्टमर्स में निराशा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



धनतेरस और दिवाली के मौके पर परंपरागत रूप से सोने और चांदी की खरीदारी करने वाले रिटेल कस्टमर्स को घरेलू सर्राफा बाजार में आई जोरदार तेजी ने मायूस कर दिया है। सोना और चांदी की कीमत में जिस गति से बढ़ोतरी हो रही है, उससे धीरे-धीरे ये चमकीली धातुएं छोटे ग्राहकों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। माना जा रहा है कि अगले 1 सप्ताह में यानी धनतेरस और दिवाली तक सोना 83 हजार से 84 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच सकता है। इसी तरह चांदी की कीमत भी 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच सकती है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में सोना आज 80 हजार रुपये के स्तर को पार कर-के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह चांदी की कीमत भी 1,04,000 रुपये के स्तर के पार पहुंची हुई है।

सर्राफा बाजार में आई इस तेजी के लिए मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में हुई जोरदार बढ़ोतरी और घरेलू बाजार में फेस्टिवल सीजन और उसके बाद शुरू होने वाले वेडिंग सीजन की मांग को माना जा रहा है। बुलियन मार्केट एक्सपोर्ट संतोष झावेरी का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। कॉमेक्स पर सोना 2,764 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर को पार कर गया है।

# कैलाश चन्द विश्नोई महानिदेशक पुलिस जविप्रा के सक्रियता से जेडीए की बढ़ी सांख

## नवीन अवैध कॉलोनाइजर्स एवं अतिक्रमणकारीयों, भू-माफियाओं में हुआ जेडीए की कार्रवाई का भय









चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा धाबास रोड़ जगदम्बा नगर में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने बेसमेन्ट$3 मंजिला अवैध बिल्डिग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई, सुओमोटों के तहत चित्रकूट कॉलोनी एफ ब्लॉक में रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया, सुओमोटों के तहत ग्राम बिन्दायिका में सिरसी मोड़ से सिवाड़ मोड़ तक करीब 03 कि.मी. तक दोनो तरफ से रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया, विनायक सिटी ए ब्लॉक में 80 फीट रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया एवं निजी खातेदारी करीब 35 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस जेडीए कैलाश चन्द बिश्नोई ने बताया कि जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित धावास रोड़ जगदम्बा नगर के भूखण्ड संख्या ठ-267, इ-267 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बेसमेन्ट$ 3 मंजिला बिल्डिग का अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था । परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) नोटिस जारी कर आज दिनांक 24.10.2024 को उक्त अवैध बेसमेन्ट$ 3 मंजिला व्यावसायिक बिल्डिग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर गेटों, शटरों पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुए व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।जोन-07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित चित्रकूट कॉलोनी एफ ब्लाॅक में रोड़ सीमा में ही करीब 25 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से अत्यधिक लम्बाई में बनाये गये चबुतरें, सीढ़ियां, पेड़ पौधे हेतु लगाये गये लोहे के एंगल, जालियां/दीवारों से निर्मित एनक्लोज़र इत्यादि किये गये अतिक्रमणों के संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं को सुओमोटो के तहत नोटिस जारी कर मुनादी की गई एवं अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 24.10.2024 को जोन-07 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिन्दायिका में सिरसी मोड़ से सिवाड़ मोड़ तक में रोड़ सीमा के दोनो तरफ करीब 03 कि.मी. तक 60 स्थानों पर अस्थाई कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से लगाये गये थड़ी, ठेलें, होडिंग साइन बोर्ड, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि किये गये अतिक्रमणों के संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं को सुओमोटो के तहत नोटिस जारी कर मुनादी की गई एवं अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 24.10.2024 को जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित विनायक सिटी ए ब्लॉक में रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाई गई सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल इत्यादि किये गये अतिक्रमणों को प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 24.10.2024 को जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 24.10.2024 को जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम दौलतपुरा टोल के पास जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''आनन्द विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई व्यावसायिक प्रयोजनार्थ गोदाम/फैक्ट्री हेतु ग्रेवल सडक, बाउण्ड्रीवाल, टीनशेडनुमा निर्माण, कोठरी व अन्य अवैध निर्माण कर ईट, पत्थर रोड़ी, बजरी इत्यादि डालकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम दौलतपुरा टोल के पास में ही जिला जयपुर में करीब 25 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''बालाजी विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-पी.आन.एन.(नोर्थ), 07, 12, 13 तथा स्थानीय पुलिस थाना चित्रकूट, बिन्दायिका का पुलिस जाप्ता एवं प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर कैलाश चन्द बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों को हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

- **धाबास रोड़ जगदम्बा नगर में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने बेसमेन्ट$3 मंजिला अवैध बिल्डिग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही**
- **सुओमोटों के तहत चित्रकूट कॉलोनी एफ ब्लॉक में रोड़ सीमा को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त**
- **निजी खातेदारी करीब 35 बीघा कृषि भूमि पर आनन्द विहार और बालाजी विहार नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण।**

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन 'धर कर भर' के अंतर्गत जैसलमेर डीएसटी व थाना खुहड़ी की बड़ी कार्रवाई

- **20 हजार का इनामी हार्डकोर बदमाश पकड़ा :**
- **एनडीपीएस मामले में थाना झाब व सांचौर में डेढ़ साल से था वांछित, विंडमिल्स में चोरी में है शातिर**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/जैसलमेर,( खलील कुरैशी)! 24 अक्टूबर।** जैसलमेर जिले की स्पेशल टीम एवं थाना खुहड़ी पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में थाना क्षेत्र के कोटडी गांव निवासी हार्डकोर बदमाश तार सिंह राजपूत पुत्र भैरू सिंह को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की हैं। आरोपी थाना झाब व थाना सांचौर के एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में 20 हजार का इनामी है।एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय एवं आईजी जोधपुर रेंज के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान ₹धर कर भर₹ चलाए जा रहा है। हार्डकोर बदमाश तार सिंह राजपूत थाना खुहड़ी का रहने वाला एवं हार्डकोर बदमाश है। थाना झाब एवं थाना सांचौर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मुकदमा में इनामी होकर करीब डेढ़ साल से फरार चल रहा है।एसपी चौधरी ने बताया कि जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश दान जुगतावत व सीओ रूप सिंह इन्दा के सुपरविजन तथा एसएचओ भारमल एवं डीएसटी प्रभारी हेड कांस्टेबल भीमराव सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे हार्डकोर बदमाश तार सिंह राजपूत को दस्तयाब किया गया है। इसके विरुद्ध विभिन्न थानों में 28 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# ह्यूमन राइट्स पर पुलिस ऑफिसर्स का कैपेसिटी बिल्डिग प्रोग्राम शुक्रवार से आरपीए में

## एनएचआरसी और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में होगा दो दिवसीय आयोजन

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 'ूमन राइट्स से जुड़े विषयों पर पुलिस ऑफिसर्स का दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिग प्रोग्राम शुक्रवार से राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में आरम्भ होगा। प्रदेश के पुलिस अधिकारियों के लिए इस विशेष क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में शुक्रवार और शनिवार को अलग-अलग सत्रों में मानवाधिकारों से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर विषय विशेषज्ञ अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। इस प्रोग्राम में राजस्थान पुलिस के आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के 40 पुलिस अधिकारी भाग लेंगे। अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) पुलिस, सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल ने बताया कि इस कैपेसिटी बिल्डिग प्रोग्राम का उद्घाटन सत्र शुक्रवार को प्रातः 9.30 बजे से आरम्भ होगा। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सेक्रेटरी जनरल भरत लाल मुख्य अतिथि होंगे महानिदेशक पुलिस, राजस्थान (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू भी उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करेंगे। एडीजी अग्रवाल ने बताया कि पहले दिन पांच विशेष सत्रों का आयोजन होगा। पहले सत्र में नेशनल 'ूमन राइट्स कमीशन के सेक्रेटरी जनरल भरत लाल मानवाधिकारों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। दूसरे सत्र में एनएचआरसी में डीजी (इंवेस्टिगेशन) अजय भटनागर, पीएचआर एक्ट 1993, एनएचआरसी और रोल ऑफ इंवेस्टिगेशन डिवीजन इन एड्रेसिंग 'ूमन राइट्स वॉयलेशन तथा तीसरे सत्र में एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (लॉ) जोगिंदर सिंह, पुलिसिंग और सुप्रीम कोर्ट के कैसेज के बारे में 'ूमन राइट्स कमीशन की गाइडलाइंस पर व्याख्यान देंगे। लंच के बाद चौथे सत्र में एनएचआरसी के पूर्व सदस्य राजीव जैन, मानवाधिकार एवं न्यायशास्त्र (ज्यूरिशप्रूडेंस) तथा पांचवे सत्र में राज्य मानवाधिकार आयोग, राजस्थान के सदस्य श्री अशोक गुप्ता राजस्थान के संदर्भ में मानवाधिकारों के परिदृश्य के बारे में व्याख्यान देंगे। कैपेसिटी बिल्डिग प्रोग्राम के दूसरे और अंतिम दिन शनिवार को तीन सत्रों के बाद समापन एवं वेलिडिक्ट्री सत्र का आयोजन होगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस, राजस्थान (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू होंगे। इस सत्र में एनएचआरसी में डीजी (इंवेस्टिगेशन) अजय भटनागर भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले दूसरे दिन के प्रथम सेशन में एनएचआरसी में डीजी (इंवेस्टिगेशन) अजय भटनागर, 'ूमन राइट्स एंड एथिकल डिलेमा इन पुलिसिंग, एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (लॉ) जोगिंदर सिंह, आयोग में राजस्थान के प्रकरण तथा एडीजी सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल, 'ूमन राइट्स ऑफ वूमन विद स्पेशल एम्फेसिस ऑन डोमेस्टिक वायलेंस पर अपना प्रस्तुतीकरण देंगे।

### इंडियन नेशनल कांग्रेस युवा ग्रुप में डीडवाना -कुचामन जिला अध्यक्ष के पद पर पवन महला का हुआ मनोनयन



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** इंडियन नेशनल कांग्रेस युवा ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष तरुण बाकोलिया ने संगठन का विस्तार करते हुए पवन महला को जिला डीडवाना -कुचामन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गौरतलब है कि युवा क्रियाशील, समाजसेवी और जमीनी कार्यकर्ता पवन महला जिला अध्यक्ष बनने पर युवा कार्यकर्ताओं ने खुशी की लहर देखने को मिली और इसके साथ ही बड़ी संख्या में पवन महला के चाहने वालों और समर्थकों ने महला को व्यक्तिगत रूप सहित विभिन्न माध्यमों से शुभकामनाएं दीं इसके साथ ही इस दौरान पवन महला ने शिर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए पूर्ण निष्ठा से पद की गरिमा को बनाये रखने का संकल्प लिया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने की शिरकत

# सिटी पार्क में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर। विशेष संक्षिप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत गुरुवार को मानसरोवर के सिटी पार्क में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम में सकट की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से लोकतंत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में मैं भारत हूं गीत पर





कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। इस दौरान भारतीय चुनाव आयोग के विभिन्न मोबाइल एप्लीकेशंस की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में म्यूजिकल बैंड आकर्षण का केंद्र रहा तो वही सभी प्रतिभागियों ने सिग्नेचर वॉल पर अपने हस्ताक्षर किए और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्लोगन भी लिखे। कार्यक्रम के अंत में आकर्षक आतिशबाजी ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार अतिरिक्त जिला कलेक्टर कुंतल बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**लोकतंत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का किया आह्वान**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929